हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–246 : जौनपुर, शुक्रवार 07 जनवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मुख्यमंत्री योगी ने छात्र छात्राओं को दी टेबलेट स्मार्टफोन की बड़ी सौगात

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।अयोध्या जनपद के दो हजार मेधावी छात्र–छात्राओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जीआईसी ग्राउंड में टैबलेट व स्मार्टफोन का वितरण किया गया।अयोध्या नगर निगम में 49.74 लाख के इन्टलिजेन्ट टैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का लोकार्पण किया गया। योगी ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास एवं सबका प्रयास की अवधारणा पर चल रही है। सरकार ने समाज के किसानों, मजदूरों, उद्यमियों आदि के प्रति उल्लेखनीय कार्य किया है। उसी के क्रम में आज विभिन्न विधाओं से प्राप्त स्नातक छात्र–छात्राओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा टैबलेट स्मार्ट फोन दिया गया। उल्लेखनीय है कि योगी जी विगत दिवस वाराणसी में, आज गोरखपुर में टैबलेट/स्मार्ट फोन वितरण किया। उसी के कड़ी में दोपहर अयोध्या राजकीय इंटर कालेज में बने हेलीपैड पर पहुंचने के बाद प्रतिकात्मक रूप से मंच से मेधावी छात्र–छात्राओं को टैबलेट/स्मार्ट फोन वितरित किया। उक्त अवसर पर जनपद के विभिन्न राजकीय एवं निजी विद्यालयों के लगभग 2000 छात्र–छात्राओं को टैबलेट/स्मार्ट फोन वितरित किया गया। इस अवसर पर जनसभा को सम्बोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार शिक्षित युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए वचनबद्व है। इसमें विशेष रूप से प्रधानमंत्री स्वरोजगार, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अलावा छात्र छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए अभ्युदय कोचिंग योजना प्रारम्भ की गयी है। जिससे हमारे मेधावी छात्र छात्राएं निःशुल्क कोचिंग प्राप्त कर प्रतियोगी परीक्षाओं में सेलेक्ट हो रही है। इसके अलावा उद्यमिता पर आधारित आईटीआई, कौशल विकास योजना, अनेक योजनाएं प्रारम्भ की गयी। इसमें प्रदेश के लाखो छात्र–छात्राएं सफल हुये है। हमारी सरकार रोजगार के साथ साथ भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या को विश्व स्तर का सिटी बनाने के लिए कृतसंकल्प है। वर्तमान में सरकार की लगभग 16000 करोड़ की योजनाएं अयोध्या के विकास के लिए चल रही है तथा विगत दिवस केन्द्रीय परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी जी एवं केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने भी अनेक योजनाएं की घोषणा की तथा शिलान्यास किया है जो अयोध्या के विकास के लिए गति प्रदान करेगी तथा अयोध्या के विश्व स्तरीय पर्यटन व आध्यात्मिक केन्द्र बनाने के लिए युद्वस्तर पर कार्य किया जा रहा है। इस टैबलेट स्मार्ट फोन वितरण योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के अन्तर्गत स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, कौशल विकास, पैरामेडिकल, नर्सिंग आदि के विभिन्न शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत लाभार्थी युवा वर्ग को स्मार्टफोन टैबलेट निशुल्क वितरण करके उनको स्वावलम्बन एवं व्यवसायरत बनाना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम मनोहर लोहिया अवध विवि, साकेत महाविद्यालय, राजकीय पुरूष एवं महिला पॉलीटेक्निक, आईटीआई, झुनझुनवाला पीजी कालेज आदि के लगभग 2000 छात्र छात्राओं को वितरित किया गया।

## कक्षा 12 के बाद तथा स्नातक स्तर पर किन–किन सेवाओं में सेना द्वारा दिए जाने वाले अवसरों की चर्चा

आर एल पाण्डेय लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग के द्वारा आज दिनांक 7 जनवरी 2022 को महाविद्यालय के प्रेक्षागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सशस्त्र सीमा में कैरियर से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई– "Avenues of Commission and Preparations in Armed Forces for students'' कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वक्ता कर्नल विनोद जोशी, कमांडिंग ऑफिसर, 20 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी रहे। कार्यक्रम का आरंभ कैडेट कीर्ति मिश्रा द्वारा गणेश वंदना नृत्य के माध्यम से हुआ तत्पश्चात प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय तथा कार्यक्रम संयोजक मेजर डॉ मनमीत कौर सोढ़ी द्वारा कर्नल जोशी को स्मृति चिन्ह एवं पौध भेंट किया गया। अपने स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने छात्राओं को सदैव लक्ष्य केंद्रित रहने के लिए प्रेरित किया। कर्नल विनोद जोशी ने अपने प्रस्तुतीकरण में जल, थल एवं नौसेना से संबंधित युवाओं के लिए कौन से सुनहरे अवसर हैं तथा किस प्रकार से तैयारी करके सशस्त्र सीमा में अपना कैरियर बनाया जा सकता है ,इस पर विस्तृत चर्चा की। तकनीकी, गैर तकनीकी,परमानेंट कमिशन तथा शार्ट सर्विस कमीशन –सभी प्रकार के कैरियर के संबंध में छात्राओं की जिज्ञासाओं को शांत किया। कक्षा 12 के बाद तथा स्नातक स्तर पर किन–किन सेवाओं में अवसर सेना के द्वारा दिए गए हैं। इस पर भी चर्चा की गई। मुख्य रूप से उन्होंने इस बात पर बल दिया कि यदि हम यूनिफॉर्म के




साथ देश की सेवा करने के इच्छुक हैं तो उसके लिए हमें अभी से ही पूरी निष्ठा और लगन के साथ उसकी तैयारी में लगना होगा। वर्तमान में जब बालिकाओं के लिए भी पूरी तरह से सेना ने अपने द्वार खोले हैं तो ऐसे में छात्राएं भी इस सुअवसर का पूरा लाभ उठा सकती हैं। इसअवसर पर कैडेट नित्या आकांक्षा प्राची खुशी गरिमा रोशनी त्रिनेत्री वंशिका श्रुति प्रिया वर्षा शिवानी तथा अर्पिता ने देश प्रेम से संबंधित जोशीला पिरामिड नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन कैडेट तनु सारस्वत ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक मेजर डॉ मनमीत कौर सोढ़ी ने करते हुए छात्राओं को जीवन में 3डी फार्मूला अपनाने पर बल दिया– डिसिप्लिन डिटरमिनेशन और डेडीकेशन। एनसीसी गान एवं भारत माता की जय के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए डॉ सृष्टि श्रीवास्तव,श्रीमती सुनीता सिंह,डॉ प्रियंका त्रिपाठी, डॉ अंजली गुप्ता, डॉ ज्योतिका राठौर समेत बड़ी संख्या में कैडेट्स एवं छात्राएं तथा 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन से नायब सूबेदार शिवराम सिंह उपस्थित रहे।

## अमित बिंद के हत्यारों तक नहीं पहुंच सकी सरपतहा पुलिस :परिजनों में आक्रोश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : एक सप्ताह बाद भी अमित के हत्यारों तक सरपतहा पुलिस का हाथ नहीं पहुंच सका और अमित के हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं जिससे परिजनों में पुलिस के रवैया के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। जहां पुलिस बच्चे को तालाब में डूबने से मौत मान रही थी वही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस की मुश्किलें बढ़ गई। और अमित के हत्यारों तक पहुंचने के लिए जांच पड़ताल में जुट गई है। गौरतलब हो कि थाना क्षेत्र के बघरवारा गाध्व निवासी पवन विन्द का10वर्षीय लड़का अमित 26नवम्बर से गायब थाद्यमामले मे सरपतहाद्य पुलिस नाबालिग के दादा प्रहलाद विन्द की तहरीर पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरु कर दीद्य शक के आधार पर गांव के ही गांव के ही त्रिलोकी बिंदु को हिरासत में लेकर पूछताछ भी कर रही है इसी दौरान गुरुवार की सुबह शौच के लिए गए लोगों को गाध्व के ही एक तालाब में लाश दिखायी पड़ी थी द्यलाश पायी जाने की सूचना पर क्षेत्राधिकारी शाहगंज अंकित कुमार और थाना प्रभारी रवीन्द्र भूषण मौर्य दलबल के साथ मौके पर पहुचे। लाश निकाले जाने पर उसकी पहचान पूर्व में गुमशुदा नाबालिग अमित के रूप में हुई थी।जिसकी सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गयाद्यअमित अपने माता पिता की सन्तानों तीन भाई एक बहन में तीसरे नंबर पर था। पुत्र की लाश पायी जाने की खबर पर जहां मां परमिला बेसुध हो गयी वहीं खाड़ी देश सऊदी में रह रहे पिता पवन विक्षिप्त सा हो गयाद्यगांव में लोग दबी जुबान नाबालिग की हत्या की भी आशंका जता रहे थेद्य फिलहाल पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दियाद्य इस संबंध में प्रभारी थाना अध्यक्ष रविंद्र भूषण मौर्य ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले की गहन जांच पड़ताल की जा रही है और उक्त बच्चे की हत्या किस कारणों से और कौन लोग किए हैं इसके बारे में पुलिस बारीकी से जांच पड़ताल में जुटी है जल्द ही मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

## 4 साल बाद जनवरी 2020 में अर्चना व उसके प्रेमी को आजीवन कारावास व 65 हजार अर्थदंड की हुई सजा

डीकेयू गोरखपुर ब्यूरो चीफ राजनारायण ओझा : गोरखपुर में 22 अप्रैल 2017 की रात कैंट इलाके के कूड़ाघाट विशुन पुरवा निवासी सुषमा सिंह ने ब्वॉयफ्रेंड डब्लू सिंह के साथ मिलकर पति 35 वर्षीय विवेक प्रताप सिंह की हत्या कर दी। पकड़े गए डब्लू ने बताया कि महिला ने मेरे साथ मिलकर अपने पति की हत्या की। उसके बेटे ने हत्या करते हुए देख लिया जिसके बाद वह उसको मारने जा रहा था तो सुषमा ने बोला कि वह उसका ही बेटा है। विवेक की पत्नी सुषमा सिंह का अपने मायके के कामेश्वर सिंह उर्फ डब्लू सिंह से शादी से पहले करीब 12 साल तक अफेयर रहा। यही नहीं, डब्लू अक्सर मोहल्ले में भी दिखाई देता था और कई बार विवेक और उनके परिजनों की गैर मौजूदगी में सुषमा के घर भी आता था। इसकी जानकारी विवेक को भी हो गई थी और उसने पत्नी पर कड़ा पहरा बिठा दिया था। बेटे ने खोला था राज। पूरी प्लानिंग के तहत ही 22 अप्रैल की रात डब्लू अपने गांव के सोनू, राधेश्याम सिंह और अनिल मौर्या के साथ कैंट इलाके के विशुनपुरवा गांव स्थध्ति विवेक के घर पहुंचा और सुषमा की ही मदद से उसने वध्विेक की सोते समय ईंट से कुचलकर हत्या कर दी। जिस समय वारदात को अंजाम दिया गया, कमरे में सुषमा का बेटा आरुष (6) मौजूद था। उसने पूरी घटना की जानकारी बुआ को दी। आरुष ने बुआ से बताया की रात में मम्मी ने दरवाजा खोला तो 3 अंकल कमरे घुस आए। मैंने चिल्लाने की कोशिश की तो मेरा मुंह दबा दिया। इसके बाद उन लोगों ने पापा का गला दबाया। फिर उन्हें बेड से नीचे उतारकर ईंट से मारा। पापा के बहुत खून निकल रहा था। इसके बाद वो लोग पापा को कहीं ले गए और मम्मी जमीन पर पर गिरा खून साफ करने लगीं। इसी दौरान पुलिस आ गई। रात में हुई इस घटना की जानकारी परिवार के किसी सदस्य को नही हुई। अखिलेश यादव का करीबी था प्रेमी। बाद में पुलिस ने अर्चना और प्रेमी अजय यादव को पकड़ा और केस दर्ज कर जेल भिजवा दिया। शहरवासियों का गुस्सा उस समय इतना ज्यादा था कि कचहरी और जेल में दोनों की पिटाई हो गई। घटना के ठीक 4 साल बाद जनवरी 2020 में अर्चना और उसके प्रेमी को आजीवन कारावास और 65 हजार अर्थदंड की सजा हुई।



जुर्माना न भरने पर 3 माह की अतिरिक्त सजा भी काटनी पड़ी। अर्चना का भाई पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के सुरक्षा में तैनात था। वह अक्सर मायके जाती थी तो प्रेमी अजय से मिलती थी। अजय से उसका प्यार फेसबुक के जरिए हुआ था। अजय के अपने फेसबुक वॉल पर लगाये गए मुलायम सिंह यादव आदि के साथ अपनी फोटो से वह प्रभावित हुई थी। हत्यारे ने पूछा बेटे को छोड़ दें, मां ने लाल को उतारा मौत के घाट। शाहपुर इलाके के अशोकनगर की अर्चना सिंह ने 5 जनवरी 2016 की रात अपने प्रेमी फिरोजाबाद निवासी शिक्षक अजय यादव को ट्रेन से बुलाया। उसे अपने कमरे में छिपा दिया। रात में पति के सोने के बाद प्रेमी के साथ संबंध बनाया और भोर में पति नेत्र चिकित्सक डॉ ओमप्रकाश यादव की हथौड़े से मार कर हत्या कर घ्दी। इस दौरान उसका 5 साल का मासूम बेटा नितिन उठ गया और रोते हुए मां की गोद में आ गया। प्रेमी को बच्चे पर दया आ गई वह अर्चना को बोला कि इसे रहने दो। लेकिन उस कलयुगी मां का दिल नहीं पसीजा और उसने खुद अपने हाथ से बेटे की गला दबाकर घ्हत्या कर दी। प्रेमी को घर से भगा दिया और देर सुबह तक सोती रही। परिवार ने भी तोड़ दिया रिश्ता। जेल जाने के बाद अर्चना से मिलने कोई नहीं पहुंचा। वह डिप्रेशन में चली गई, उसकी काउंसलिंग कराई गई। सजा के बाद उसे हाईकोर्ट में अपील के लिए निशुल्क वकील दिया गया लेकिन उसने इंकार कर दिया और अपील नहीं की। अब वह जेल में ही रहना चाहती है। उसे वर्तमान में लिवर की बीमारी है। वह जेल में झाड़ू व साफ सफाई का काम करती है। उसका प्रेमी अजय भी साफ सफाई करता है। अर्चना ने हाल ही में छठ व करवा चौथ का व्रत भी रखा था। यह प्यार के लिए पति और बेटे को मारने की पहली घटना थी। शहर के लोग हतप्रभ थे। इसके बाद कई पत्नियों ने प्यार के चक्कर मे अपने पतियों को मौत की नींद सुला दी।

## कोविड–19 के बढ़ती बीमारी को देखते हुए इप्सेफ द्वारा विधानसभा चुनाव स्थगित करने की मांग

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : इंडियन पब्लिक सर्विस एम्पलाइज फेडरेशन (इप्सेफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मित्र महामंत्री प्रेमचंद्र ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र भेजकर मांग की है कि कोविड–19 की तेजी से बढ़ती महामारी को देखते हुए पांच राज्यों के होने वाले विधानसभा चुनाव को फिलहाल स्थगित करने का आग्रह किया है। श्री वी.पी. मिश्रा ने चुनाव आयोग कोई स्मरण कराया है कि विगत वर्ष में जिला पंचायतों के चुनाव में सैकड़ों कर्मचारियों एवं शिक्षक चुनाव ड्यूटी करते हुए अपनी जान गवा चुके हैं। चुनाव प्रचार एवं वोट देने में सैकड़ों जनता के लोग भी काल कवालीत हो गए थे। जिनका परिवार अनाथ हो गया था। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शशि कुमार मिश्रा एवं सचिव अतुल मिश्रा ने बताया कि पंचायत चुनाव में लगे सैकड़ों कर्मचारी अपनी जान गवा बैठे थे और हजारों लोग बीमारी के चपेट में आ गए थे। इसलिए बढ़ती बीमारी को देखते हुए विधानसभा चुनाव को स्थगित करने की मांग की है इस महामारी में चुनाव ड्यूटी पर जाने को कोई भी कर्मचारी एवं शिक्षक तैयार नहीं है।

## अब रेलवे स्टेशन पर भी बन सकेगा वोटर कार्ड–आधार कार्ड

डीकेयू गोरखपुर ब्यूरो चीफ राजनारायण ओझा : अब रेलवे स्टेशनों पर भी वोटर आईडी कार्ड व आधार कार्ड बनवाने की सुविधा मिलेगी. रेलवायर साथी कियोस्क इस काम में आपकी मदद करेगा. इतना ही नहीं इस कियोस्क के माध्यम से बिजली बिल भुगतान, पैन कार्ड, आयकर, बैंकिंग, बीमा से जुड़ी सेवाएं भी मिलेंगी. साथ ही ट्रेन, हवाई, बस यात्रा टिकट की बुकिंग भी संभव हो सकेगी और मोबाइल रिचार्ज भी करा सकेंगे. दरअसल रेलवे ने स्टेशनों पर कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क संचालन का निर्णय लिया है. रेलटेल इस सुविधा के लिए 200 स्टेशनों को फिलहाल चुना है। ई–गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के साथ मिलकर रेलटेल ने रेलवायर साथी कियोस्क शुरू करने जा रहा है. ये कियोस्क कॉमन सर्विस सेंटर के ग्राम स्तरीय उद्यमियों द्वारा संचालित किया जाएगा. रेलटेल के प्रबंध निदेशक पुनीत चावला ने बताया कि ग्रामीण आबादी की सुविधा के लिए यह विशेष अभियान होगा. रेलटेल ने पूरे भारत में रेलवे स्टेशनों पर कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क संचालित करने की योजना तैयार की है. इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ मिलकर इसे संचालित किया जाएगा।

### राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय संयोजक व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (महिला मोर्चा ) ने किया बैठक का आयोजन

आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय संयोजक पी० सीं० मिश्रा व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (महिला मोर्चा ) दीपिका मिश्रा का पूर्वांचल दौरा के तहत वाराणसी में पाताल पूरी पिठाधीश्वर बाबा बालक नाथ जी के आश्रम में वाराणसी के जिला प्रभारी जितेंदेर श्रीवास्तव व महानगर उपाध्यक्ष पवन कुमार पांडेय व अन्य कार्यकता की उपश्थिति में



एक एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संगठन को मजबूत बनाने व संगठन के उद्देश पर प्रकाश डाला गया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## नारी सशक्तिकरण की हवा निकाल रहे पटहेरवा में तैनात दरोगा

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : प्रदेश के मुखिया भले ही नारी सशक्तिकरण के लिए तमाम योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहे है और उन्हें सम्मान दिलाने की बात कर रहे है लेकिन पुलिस उनके अरमानो पर पानी फेरती नजर आ रही हैं। मामला पटहेरवा थाने की हैं जहां यौन उत्पीड़न की शिकायत पर कार्रवाई करने के बजाय खुद दरोगा पीड़ित महिला को पुलिसिया रौब दिखाना शुरू कर दिये और उसके घर पहुचकर उसके खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग कर अपमानित करने लगे, तो पहले पीड़िता ने थानाध्यक्ष से आपबीती बताई, उसके बाद भी कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने पुलिस कप्तान से अपनी पीड़ा बताते हुए तहरीर सौप कार्रवाई की मांग की हैं। अब दो सप्ताह बीतने के बाद भी पुलिस कप्तान से भी न्याय न मिलने पर पीड़िता ने उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई हैं, अब देखा जाय कि उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाने के बाद पटहेरवा पुलिस पिड़िता को न्याय दिलाती हैं या अपने ही अनुसार इस मामले को पूर्व की भांति ही ....? पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासिनी महिला ने पूर्व में पुलिस कप्तान को दिए शिकायती पत्र में बताई हैं कि बीते 14 दिसम्बर को दिन के 12 बजे हम और हमारी ननद दवा कराने के लिए फाजिलनगर जा रही थी कि इसी बीच हमारे गाँव स्थित प्राथमिक विद्यालय के समीप नहर के पास तीन लोग स्त्री लज्जा भंग करने की नियति से घेर लिए और हम दोनों के साथ छेड़छाड़ करने लगे और गलत कार्य करने की नियति से नहर की तरफ ले जाने लगे, विरोधा पर मारने पीटने लगे और हम दोनों का कपड़ा फाड़ दिए, लोगों को आता देख धमकी देकर भाग निकले। जब हम दोनों फाजिलनगर इलाज कराने के बाद शिकायत लेकर थाने जा रहे थे तो फिर उनके परिजनों ने रास्ते मे घेर कर बुरी तरह मारा पीटा। वही जब हम पटहेरवा में तहरीर देकर आई तो हल्का दरोगा सुबाषचन्द्र कार्रवाई की बजाय हमे ही मेरे घर पर आकर गाली गुप्ता देने लगे। उन्होंने आरोप लगाया है कि उक्त दरोगा एक महिला के प्रभाव में आकर कार्रवाई करने से परहेज कर रहे है और हमें ही धमका रहे है। पीड़िता ने पुलिस कप्तान से न्याय की गुहार लगाई हैं। पीड़ित महिला ने बीते 17 दिसम्बर को पुलिस कप्तान से मिलकर अपनी पीड़ा बताई और न्याय की गुहार लगाई थी, उसके बाद भी जिम्मेदारों की ओर से कोई कार्रवाई न होता देख पीड़िता ने डीआइजी व आईजी गोरखपुर, पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश तथा महिला आयोग अध्यक्ष उत्तर प्रदेश को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। उधर पीड़िता का कहना है कि कार्रवाई न होने से उक्त दरोगा के बलबूते अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है और मेरे साथ कृत्य करने वाले आरोपी शिकायत को वापस लेने का दबाव बना रहे हैं और ऐसा न करने पर मेरे और मेरे शुभचिंतको को फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी दे रहे है,जिससे मेरा परिवार भयभीत हैं क्योंकि कि उनके ऊपर दरोगा का सहयोग हैं। उन्होंने अपने व परिजनों, शुभचिंतको की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कार्रवाई की मांग की हैं।

## योगी सरकार ने किसानों को बिजली के बिल में दी 50% की छूट

डीकेयू गोरखपुर ब्यूरो चीफ राजनारायण ओझा : उत्तर प्रदेश चुनाव की घोषणा होने से पहले ही किसानों के लिए योगी सरकार ने बड़ी राहत देने का फैसला लिया है. अब उत्तर प्रदेश में किसानों के बिजली के बिल में 50% छूट की घोषणा की गई है. वहीं कुछ दिनों पहले ही समाजवादी पार्टी ने भी अपने चुनावी वादों में किसानों के लिए सिंचाई के लिए बिजली मुफ्त देने का वादा किया था। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से ट्वीट करके बताया गया है कि किसानों की सुविधा और समृद्धि के लिए सीएम ने प्राइवेट नलकूप के लिए बिजली दरों में वर्तमान दरों के सापेक्ष 50% छूट देने का निर्णय लिया है. अब ग्रामीण क्षेत्र में मीटर्ड, अनमीटर्ड, एनर्जी एफिशियन्ट पम्प और शहरी क्षेत्रों के मीटर्ड नलकूपों के इस्तेमाल पर बिजली बिल वर्तमान की तुलना में आधी हो जाएंगी. अनुमान के मुताबिक बिजली बिल में छूट की इस नई व्यवस्था से उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड पर लगभग रुपये 1000 करोड़ प्रतिवर्ष का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा. इसके लिए राज्य सरकार ने यूपीपीसीएल को अनुदान देने का फैसला किया है।

## कैलेंडर व डायरी वितरण कर नव वर्ष की दी शुभकामना

आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजधानी के गोमती नगर कठौता झील के निकट वास्तु खंड में स्थापित वेदांशिका सिटी के कार्यालय में चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर विनय कुमार कश्यप से भेंट की। बहुजन समाज पार्टी के मुख्य सेक्टर संयोजक लखनऊ विनय कश्यप ने कैलेंडर और डायरी भेंट कर नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि 300 से अधिक ग्राहकों एवं सैकड़ों बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं तथा तमाम समाजसेवियों को कैलेंडर व डायरी भेंट कर चुका हूं। रीजनल मैनेजर विवेक भटनागर द्वारा आगंतुकों, ग्राहकों ,पत्रकारों को निरंतर कैलेंडर वितरण किया जा रहा है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

केवल ज्ञान ही एक ऐसा अक्षर तत्त्व है, जो कहीं भी, किसी अवस्था और किसी काल में भी मनुष्य का साथ नहीं छोड़ता।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# कोरोना से जंग के बीच चुनावी बिसात

इन दिनों भारत समेत पूरी दुनिया कोरोना महामारी के ओमिक्रॉन वैरिएंट की ताजा लहर के चलते युद्ध जैसी स्थिति झेल रही है। भारत में एक तरफ जहां तेजी से कोरोना का संक्रमण फैलने लगा है और महामारी की तीसरी लहर ने दस्तक दे दी है, वहीं पांच राज्यों–उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा में विधानसभा चुनाव की भी बिसात बिछ गई है। पिछले दो साल से राष्ट्र कोरोना महामारी की विभीषिका झेल रहा है। इसके अलावा पिछले कुछ वर्षों में किसानी का संकट भी गहरा गया है। हालांकि विवादास्पद कृषि कानूनों को अब निरस्त कर दिया गया है।

ऐसी विपरीत सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों के बीच पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इनमें से सबसे ज्यादा चर्चा उत्तर प्रदेश के चुनाव को लेकर हो रही है, क्योंकि 403 विधानसभा सीटों वाला यह राज्य केंद्र में शासन के दरवाजे भी खोलता है और इसी राज्य के वाराणसी संसदीय क्षेत्र से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सांसद हैं। यही वजह है कि उत्तर प्रदेश के चुनाव को आगामी लोकसभा चुनाव का ट्रेलर माना जा रहा है। इस चुनावी समर में एक तरफ पूर्ण बहुमत के साथ सत्तारूढ़ भाजपा है, तो दूसरी तरफ सपा है, जिसकी विधानसभा में मात्र 47 सीटें हैं।

हैरानी की बात है कि 2012 के विधानसभा चुनाव में इसी समाजवादी पार्टी को 224 सीटें मिली थीं और अखिलेश यादव लोकप्रिय नेता बनकर उभरे थे। पिछले चुनाव में भाजपा ने जहां राम मंदिर निर्माण को लेकर प्रतिबद्धता जताई, वहीं सामाजिक ताने–बाने को भी काफी बदला। जो पिछड़ा समुदाय सपा, बसपा से जुड़ा था, उसका काफी बड़ा धड़ा भाजपा की तरफ उन्मुख हुआ। भाजपा ने विभिन्न समुदायों को अपनी तरफ आकृष्ट कर छोटे–छोटे दलों के साथ गठबंधन किया, जिसका फायदा उसे पूर्वी उत्तर प्रदेश में मिला।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक समुदाय के बीच एक लकीर खिंच गई और जाट समुदाय ने भाजपा का समर्थन किया। लेकिन पिछले दो–तीन वर्षों में इस सामाजिक समीकरण में काफी बदलाव देखने को मिला है। किसान आंदोलन के चलते पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट अब भाजपा से उतने खुश नहीं है और पूर्वी क्षेत्र में ओमप्रकाश राजभर ने भाजपा का साथ छोड़ दिया है। बेशक बड़ी विकास योजनाओं के मामले में योगी आदित्यनाथ सरकार की सफलता मानी जाती है और व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री योगी पर भ्रष्टाचार के आरोप भी नहीं हैं, लेकिन उनके खिलाफ विरोध के स्वर भी सुने जा सकते हैं।

जनता जिन मुद्दों पर अपना रोष प्रकट करती है, उनमें किसानी और महंगाई के मुद्दे सबसे ऊपर हैं। समय पर खेती के लिए खाद न मिल पाना, उपज की बाजार में सही कीमत नहीं मिल पाना और रोजमर्रा की जरूरत की चीजों का महंगा होना ग्रामीण इलाकों में असंतोष का मुख्य कारण है। लेकिन राजनीतिक पर्यवेक्षकों का यह भी मानना है कि राम मंदिर निर्माण के चलते हिंदुत्व की पकड़ कायम है और अगड़ी जातियां भाजपा के पूरे समर्थन में हैं।

हालांकि कुछ लोग भाजपा के अंदर ठाकुर–ब्राह्मण संघर्ष की भी बात करते हैं, लेकिन यह स्पष्ट है कि कोरोना की मार के बावजूद लोग चुनावी प्रक्रिया को अहमियत देते हैं और अपने मत का उपयोग करने के इस अवसर को वे आशा भरी निगाहों से देखते हैं। अब देखना है कि एक ऐसे माहौल में, जहां ओमिक्रॉन का संक्रमण बढ़ रहा है और बड़े नेता भी इससे बचे नहीं रह पा रहे हैं, वहां रैलियों का दौर कब तक चल पाएगा। कौन जीतेगा और कौन हारेगा, यह तो चुनाव के बाद ही पता चल पाएगा, लेकिन मौजूदा माहौल को देखते हुए यह स्पष्ट है कि बड़े आयोजनों पर पाबंदी लगाई जानी चाहिए।

अब अगर हम पंजाब की बात करें, तो यहां के किसानों ने भी कृषि सुधार कानूनों का पुरजोर विरोध किया था। एक तरफ तो जाट सिख समुदाय है, जिसका पंजाब की राजनीति में काफी दखल है, वहीं दलित सिख समुदाय भी लगभग एक तिहाई हिस्से का दावेदार है। लेकिन किसानी पर उभरे संकट को देखते हुए सभी समुदायों ने केंद्र सरकार के प्रति असंतोष जताया। इस बीच सत्तारूढ़ कांग्रेस के अपने ही मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने बगावत का बिगुल फूंका और पार्टी का साथ छोड़ चले।

कहा जाता है कि अमरिंदर सिंह के ही सुझाव पर प्रधानमंत्री ने गुरु पर्व की पूर्व संध्या पर कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा की और भाजपा ने अमरिंदर सिंह द्वारा गठित नए राजनीतिक दल के साथ अपने गठबंधन का एलान किया। लेकिन पंजाब में जहां लोग केंद्र सरकार से नाराज हैं, वहीं राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस में भी विरोध है। इस बात की काफी चर्चा है कि विरोधी दल के रूप में आम आदमी पार्टी कितनी बढ़त बना पाएगी और शिरोमणि अकाली दल की बिसात कितनी रह जाएगी। लोगों में राजनीतिक उत्साह है, लेकिन राज्य में दलगत व्यवस्था में काफी उथल–पुथल है।

उत्तराखंड की बात करें, तो इस छोटे राज्य में भी भाजपा को पूर्ण बहुमत था, लेकिन पांच वर्षों में उसे अपने ही तीन मुख्यमंत्रियों को बदलना पड़ा है। वहां चुनाव से पहले पुष्कर सिंह धामी को मुख्यमंत्री बनाया गया। इस राज्य में हिंदुत्व का जोर है और सैन्य बलों के सेवानिवृत्त अधिकारी भी बड़ी तादाद में हैं। इसलिए उत्तराखंड में सामाजिक समीकरण जहां भाजपा के पक्ष में है, वहीं उसकी राजनीति में कई कमजोरियां हैं। उधर कांग्रेस पार्टी के पास हरीश रावत जैसे अनुभवी नेता तो हैं, लेकिन उसकी राष्ट्रीय राजनीतिक स्थिति मजबूत नहीं है। कुल मिलाकर जहां जनता कोरोना और आर्थिक कारणों से परेशान है और इन चुनावों को अपनी आवाज दर्ज कराने के मौके के रूप में देख रही है, वहीं राजनीतिक दलों में काफी उथल–पुथल है। ऐसे में देखना यह है कि चुनाव आयोग जान–माल का संरक्षण करते हुए कैसे ये चुनाव निष्पक्ष ढंग से करवा पाता है!

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन के भाई आशुतोष रंजन चित्रगुप्त सेवा धाम ट्रस्ट से जुड़े

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : श्री चित्रगुप्त धाम सेवा ट्रस्ट का 1 जनवरी 2022 से 31 मार्च 2022 तक महा सदस्यता अभियान चल रहा है।इसी कड़ी में ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव एवं ट्रस्ट के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इं. अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार में मुख्य सचिव रहे। आलोक रंजन, जो ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक भी है, उनके बड़े भाई आशुतोष रंजन एवं मेजर कृष्ण किशोर (सेवानिवृत्त इंडियन आर्मी) को ट्रस्ट में सदस्यता करवाई।आशुतोष रंजन एवं मेजर कृष्ण किशोर ने आजीवन ट्रस्ट को संरक्षण एवं मार्गदर्शन की स्वीकृति प्रदान की। श्री चित्रगुप्त धाम मुख्य रूप से भगवान श्री चित्रगुप्त की महिमा का प्रचार प्रसार एवं समाज हित में सभी को शिक्षा एवं रोजगार प्राप्त हो उस क्षेत्र में ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गण लगातार मजबूती से कार्य कर रहे हैं । 01 जनवरी 2022 से 31 मार्च तक पूरे देश मे महासदस्यता अभियान चलाकर ट्रस्ट के मूल मंत्र ''एक सब



के लिए ,सब एक के लिए '' समाज को जोड़ने का कार्य कर रहा है। ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतिभाशाली अनुभवी व्यक्तियों के जुड़ने से संगठन अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर है।सभी सदस्य देश हित एवं समाज हित में अपने ज्ञान और कौशल्य का प्रयोग कर रहे हैं।ताकि राष्ट्र एवं समाज निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर हो सके।

## 13 जनवरी को संकल्प दिवस के जरिए एकजुट का अहसास कराएगी निषाद पार्टी

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। विधानसभा चुनाव से पहले अयोध्या के बीकापुर में आयोजित होने जा रही है निषाद समाज की संकल्प दिवस के जरिये निषाद पार्टी समाज के लोगों को एकजुट कर ताकत का अहसास कराएगी। शहर के एक होटल में पत्रकारों से बात करते हुये निषाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र मणि निषाद ने बताया कि निषाद पार्टी एनडीए का सहयोगी दल होने के नाते उत्तर प्रदेश में कुछ सीटों पर चुनाव लड़ेगी और फिर से उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने दावा किया है कि बीकापुर में 13 जनवरी को आयोजित होने जा रही संकल्प दिवस में जुटने वाली जनसभा विधानसभा चुनाव की रूप रेखा तय कर देगी, उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी कितनी सीटों पर और कहां से कहां से चुनाव लड़ेगी इसका निर्णय भी बहुत जल्द हो जायेगा। उन्होंने बताया कि कहा जाता है कि महाराजा गुरु राज निषाद प्रभु राम के बालसखा थे, जिनका निनिहाल अयोध्या में है, और इसलिये अयोध्या



जनपद में संकल्प दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि निषाद पार्टी हमेशा गरीबों, शोषितों के हक के लिये हमेशा लड़ता रहा है और आगे भी गरीबों व शोषितों के हक में संघर्ष करेगा। उन्होंने आशा जताई है कि एनडीए के सहयोगी दल के रूप में काम करते निषाद पार्टी उत्तर प्रदेश में 350 सीटें जीतकर सरकार बनाएगी।

## सेंट क्लेयर कान्वेंट स्कूल में निःशुल्क वैक्सीनेशन शिविर सम्पन्न

आर एल पाण्डेय लखनऊ। यूपी हेल्थ डिपार्टमेंट के संयोजन में हरदोई रोड स्थित सेंट क्लेयर्स कान्वेंट स्कूल में निःशुल्क वैक्सीनेशन कैंप लगाया गया। कोविड–19 वैक्सीनेशन सेंटर का स्लोगन चलो वैक्सीन लगवाएं के तहत फ्री वैक्सीनेशन कैंप में 15 से 18 वर्ष के बच्चों का वैक्सीनेशन किया गया। सेंट क्लेयर्स कान्वेंट स्कूल में अधिकांश 15 से 18 वर्ष के बच्चों का वैक्सीनेशन किया गया। इलाके के बच्चों ने भी वैक्सीन लगवाई। सभी बच्चे साथ में आधार कार्ड और मोबाइल लेकर आए और सबसे पहले रजिस्ट्रेशन कराया तत्पश्चात प्रथम डोज वैक्सीन लगवाई। उक्त जानकारी विद्यालय की



प्रधानाचार्य सिस्टर विनीता जोजफ ने दी।

## पंचायत सहायक की तैनाती में हीलाहवाली की शिकायत

आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोण्डा के ब्लाक क्षेत्र मुजेहना के ग्राम भवानीपुर में पंचायत सहायक की तैनाती में की जा रही हीलाहवाली के विरोध में आवेदक ने मुख्य विकास अधिकारी से शिकायत कर निष्पक्ष कार्यवाही का अनुरोध किया है। ग्राम पंचायत भवानीपुर निवासिनी सन्ध्या पाण्डेय पुत्री जितेन्द्र नाथ ने सीडीओ को भेजे गए शिकायत पत्र में कहा है कि पंचायत सहायक के पद पर दिए गए तीन आवेदकों में पहली आवेदिका जांच में दूसरे ब्लाक की निवासिनी पाए जाने पर आवेदन निरस्त हो चुका है जबकि दूसरी आवेदिका ने बीएड में प्रवेश मिल जाने पर अपना आवेदन वापस ले लिया है। पंचायत सहायक पद पर उसका अकेला आवेदन होने के बावजूद तैनाती में हीलाहवाली की जा रही है। इस बारे में ग्राम विकास अधिकारी दीपनरायन पाण्डेय ने भी जिला पंचायत अधिकारी को रिपोर्ट भेजकर वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए प्रशासनिक समिति पर तैनाती में व्यवधान डालने का आरोप लगाते हुए दिशानिर्देश मांगा है।

## ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला में मनाया जाएगा गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का प्रकाशोत्सव

आर एल पाण्डेय लखनऊ। साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का पावन प्रकाश उत्सव के समस्त कार्यक्रम अब डीएवी कॉलेज मैदान में ना मना कर ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला में ही मनाए जाएंगे यह फैसला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की आकस्मिक बैठक में लिया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा की अध्यक्षता में एक अति आवश्यक बैठक में यह निर्णय लिया गया कोरोना के बढ़ते हुए प्रसार और प्रकोप को देखते हुए सभी लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर डीएवी कॉलेज के बड़े मैदान में प्रकाश उत्सव के कार्यक्रम को स्थगित करके समस्त कार्यक्रमों को ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला में मनाने का निर्णय लिया गया। प्रकाश उत्सव के कार्यक्रम यथावत होंगे केवल स्थान का परिवर्तन किया गया है। कमेटी के प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत ने बताया कि गुरुद्वारा साहब के प्रांगण में कोरोना प्रोटोकॉल का पूरा पालन करते हुए प्रकाश उत्सव के कार्यक्रमों को मनाया जाएगा और प्रबंधक कमेटी सभी श्रद्धालुओं से विनती करती है कि सभी लोग मास्क लगाकर कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए उचित दूरी



बनाकर गुरुद्वारा साहब में भजन कीर्तन सुनने और गुरु महाराज को माथा टेकने के लिए आए और लंगर प्रसाद ग्रहण करें। बैठक में हरमिंदर सिंह टीटू हरविंदर पाल सिंह नीटा मुख्य ग्रंथी ज्ञानी सुखदेव सिंह और हुजूरी रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह अपने जत्थे के साथ शामिल हुए और सब ने अपने विचार रखते हुए गुरुद्वारा साहब में कार्यक्रम करने पर पुरजोर सहमति दी।

## साइबर ठगी में गवा दिया एक लाख : अब अधिकारियों के दर पर लगा रहा चक्कर

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : इंटरनेट कालिंग के जरिये पैसो की ठगी का मामला रुकने का नाम नही ले रहा।शोशल मीडिया पर लगातार फर्जी कॉल पर मोबाइल से ओटीपी ना बताने की बात प्रसारित होती रहती है 'सावधान अब साइबर क्राइम को अंजाम देने वाले ठगिदार सतर्क हो गए है।अब लिंक भेज आपको गुमराह कर रहे है' ऐसा ही एक ताजा मामला कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के निवासी राकेश यादव के साथ हुआ है 'पीड़ित राकेश यादव की माने तो उनके ही परिचित की आवाज में एक कॉल आई कि 10 हजार भेज रहा हु अपने खाते से निकाल कर मेरे घर दे देना।लेकिन भेजे गए लिंक पर टच करने के बाद नजारा ही उल्टा हो गया।पीड़ित राकेश यादव के खाते से एक बार 50 हजार और दोबारा 50 हजार यानी टोटल एक लाख रुपये खाते से कट गया' अब पीड़ित राकेश यादव पुलिस से लेकर बैंक कर्मचारियों से अपने पैसे वापस करवाने के लिए चक्कर लगा रहा है 'हम इस खबर के माध्यम से सिर्फ इतना ही कहना चाहेंगे कि कोई भी हो अगर कहता है लिंक भेज रहा हु पैसा मिल जाएगा या ओटीपी आई है बता दो पैसा भेजा हु तो जवाब दे आप,खाता नम्बर भेज रहा हु डाल के जमा राशिद भेज दो पैसा हमे मिल जाएगा' सतर्क रहें और जागरूक बने।धोखाधड़ी का शिकार होकर अपनी मेहनत की जमा पूजी को औरो के हवाले ना करे।पीड़ित की माने तो नगर कोतवाली से लेकर साइबर क्राइम का लगा चुका है चक्कर।अभी तक पीड़ित के मामले में नही हुई एफआइआर दर्ज।

## वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से आनलाइन रोजगार संगम ऋण वितरण मेले का हुआ आयोजन

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : आनलाइन रोजगार संगम योजनान्तर्गत मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 द्वारा प्रदेश के 506995 उद्यमी लाभार्थियों को रू0 4314 करोड़ का ऋण वितरित किया गया। इसी के साथ विश्वकर्मा श्रम सम्मान तथा ओ0डी0ओ0पी0 के प्रशिक्षित लाभार्थियों को टूल किट वितरित किया गया। मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा सिद्धार्थ नगर, मुरादाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, कानपुर देहात, मथुरा एवं सहारनपुर के उद्यमियों से ऑनलाइन संवाद करते हुए उद्योग स्थापना एवं मार्केटिंग के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने एक सर्वे रिपोर्ट का विमोचन किया, जिसमें 05 वर्षों में स्थापित उद्योगों को एवं उनमें प्राप्त रोजगारों काा नाम सहित विवरण दिया गया। तद्क्रम मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स उपस्थिति में विकास भवन स्थित एनआईसी कक्ष में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवास्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, वित्त पोषण योजना, मुद्रा योजनान्तर्गत 05 लाभार्थियों को कुल रू0 76 लाख का ऋण वितरित किया गया तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूल किट के प्रशिक्षित लाभार्थियों को टूल किट वितरित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बबिता जायसवाल, प्रदेश व्यापार मण्डल के अध्यक्ष एवं लघु उद्योग भारती के संयोजक रवीन्द्र कुमार त्रिपाठी, लघु उद्योग प्रकोष्ठ के सदस्य संतोष दूबे, उपायुक्त उद्योग अनूप कुमार श्रीवास्तव, अग्रणी जिला प्रबन्धक बैंक आफ बड़ौदा आर0पी0 अरोड़ा सहित योजनाओं के लाभार्थी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत कोविड–19 के दौरान अभिभावकों को खोने वाले जनपद के 15 बच्चों को लैपटाप किया गया वितरित

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत कोविड–19 से प्रभावित ऐसे बच्चे जिनके माता–पिता दोनों अथवा किसी एक की मृत्यु हो गयी है या माता–पिता विहीन बच्चे जिनके पालन–पोषण करने वाले व्यक्ति की मृत्यु हो गयी हो, को लैपटाप वितरण कार्यक्रम जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बबिता जायसवाल की गरिमामयी उपस्थिति में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ, जिसमें जनपद स्तरीय टास्कफोर्स समिति द्वारा अनुमोदित कक्षा–9 या इससे ऊपर की कक्षा में अथवा व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे 18 वर्ष तक के 15 बच्चे शामिल हुए। जिलाधिकारी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष व जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से बच्चों को लैपटाप वितरित किया गया। अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद द्वारा अपने सम्बोधन में निराश्रित



बच्चों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में सभी का स्वागत कर नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तकनीकी युग में कम्प्यूटर का विशेष महत्व है, हम आशा करते हैं कि बच्चों के शैक्षणिक कार्य/जीवन में बदलाव आयेगा। इन गैजेट्स का सकारात्मक उपयोग करें। उन्होंने कहा कि इन सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पन्नालाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी बी0पी0 वर्मा सहित छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

## छेड़छाड़ के आरोपी को पांच वर्ष की सजा

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : किशोरी साथ छेड़छाड़ करने के मामले में बुधवार को स्पेशल जज पाक्सो एक्ट पवन कुमार शर्मा ने आरोपी को दोषी मानते हुए पांच वर्ष की कैद 21 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। मामला अमेठी जिले के बाजार शुकुल थाने से जुड़ा है। बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी 24 मार्च 2015 को खेत गई थी। आरोप है कि गांव के ही आरोपी राहुल कुमार ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ किया था। पुलिस ने मामले में आरोपी राहुल कुमार के खिलाफ छेड़छड़ का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने विवेचना में पास्को एक्ट बढ़ा दिया था। बुधवार को स्पेशल जज पाक्सो एक्ट पवन कुमार शर्मा ने साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद आरोपी राहुल कुमार दोषी मानते हुए पांच वर्ष की कैद व 21हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना की 75 फीसदी धनराशि पीड़िता को क्षतिपूर्ति के रूप में दी जाएगी।

## जिपअ. प्रतिनिधि ने संपर्क मार्ग का किया उद्घाटन

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : लोगों को सुचारु आवागमन में किसी भी प्रकार समस्या न हो, इसके लिए न सिर्फ नए संपर्क मार्गों का निर्माण कराया जा रहा है, बल्कि क्षतिग्रस्त मार्गों को भी दुरुस्त किया जा रहा है।विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यह बातें बल्दीराय विकास खंड के मोहम्मदपुर काजी गांव में बने संपर्क का उद्घाटन करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार सिंह ने कहीं।उन्होंने कहा कि शीघ्र ही ऐसे संपर्क मार्गों को चिह्नित कराकर उनको दुरुस्त कराया जाएगा, जो बरसात के चलते क्षतिग्रस्त हो गए हैं। मालूम हो कि बल्दीराय विकास खंड के मोहम्मदपुर काजी गांव में सीसी रोड का निर्माण कराया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार सिंह ने कहा कि इस सीसी मार्ग के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में आसानी होगी। कहा कि जो मार्ग बरसात में क्षतिग्रस्त हो गए हैं, शीघ्र ही इनकी मरम्मत भी कराई जाएगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिला पंचायत की ओर से कराए



जा रहे विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।कहा कि प्रदेश सरकार हर गांव में सड़कों का जाल बिछाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। जहां पर पेयजल की समस्या है वहां पर पानी टंकी का निर्माण कराया जाएगा। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य बद्रीनाथ यादव,प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद मतलूब, जिला पंचायत सदस्य नरेश चन्द्र उपाध्याय, राजेश वर्मा,राजकुमार यादव, प्रधान मोहम्मद सम्मू, जुनैद अहमद,देवी प्रसाद वर्मा,राम कुमार वर्मा,सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।

## 11 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म आरोपी को आजीवन कारावास

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : 11 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामले में बृहस्पतिवार को स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट पवन कुमार शर्मा ने आरोपी को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये जुर्माना की सजा से दंडित कर जेल भेजने का आदेश दिया। मामला मोतिगरपुर थाने से जुड़ा है। मोतिगरपुर थाने के एक गांव की महिला के बुआ का नाती अवधेश यादव 24 नवंबर 2019 को उसके घर आया था। अवधेश यादव जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के सिगराभारी बिरसिंहपुर का निवासी है। आरोप है कि अवधेश यादव 11 वर्षीय एक बच्ची को बहाने से खेत ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया था। खेत से वापस लौटने पर अवधेश ने बताया कि बच्ची को चोट लग गई है। बाद में पीड़िता ने अपनी मां से घटना के बारे में बताया था। गंभीर हालत में पीड़िता को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी अवधेश यादव के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। मामले की सुनवाई कर रहे स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट पवन कुमार शर्मा ने बृहस्पतिवार को आरोपी अवधेश यादव को दोषी करार दिया। कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाकर जेल भेजने का आदेश दिया है। जुर्माना की 75 फीसदी धनराशि पीड़िता को दी जाएगी।

# चार करोड रु० की धनराशि श्रमिकों के बैंक खातों में आरटीजीएस के माध्यम से भेजा गया

जौनपुर सू.वि. : माननीय मंत्री श्रम एवं सेवायोजन एवं समन्वय विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के स्वामी प्रसाद मौर्य जी की उपस्थिति मे संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के द्वारा संचालित विभिन्न हितकारी योजना तथा निर्माण कामगार, विकलांगता एवं पेंशन योजना, कन्या विवाह अनुदान, मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, संत रविदास शिक्षा सहायता योजना एवं चिकित्सा सहायता योजना के अंतर्गत कुल 4786 श्रमिकों को आमंत्रित करते हुए चार करोड रु० 4,08,53,590 की धनराशि श्रमिकों के बैंक खातों में आरटीजीएस के माध्यम से भेजा गया। संत रविदास शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत कुल 500 पात्र निर्माण श्रमिकों के पुत्र/पुत्रियों को साइकिल देकर लाभान्वित कराते हुए माननीय मंत्री के द्वारा हरी झंडी दिखाकर साइकिल वितरण का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। कार्यक्रम वितरण के दौरान माननीय मंत्री जी के द्वारा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न हितकारी योजनाओं का विस्तार से जानकारी देते हुए निर्माण श्रमिकों को अपना पंजीयन कराकर हितलाभ प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के उपस्थिति में माननीय राज्यमंत्री शहरी आवास एवं नियोजन उत्तर प्रदेश शासन गिरीश चंद्र यादव के द्वारा भी उपस्थित श्रमिकों को संबोधित करते हुए श्रम विभाग के कार्यों को हितलाभ वितरण कार्य एवं योजनाओं के अंतर्गत हितलाभ वितरण धनराशि का उल्लेख करते हुए कल्याणकारी कार्यों की प्रशंसा की। वितरण समारोह में अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त जिला प्रशासन की तरफ से ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल, जिला विकास अधिकारी बी.बी. सिंह, श्रम विभाग के अपर श्रमायुक्त वाराणसी मधुर सिंह, सहायक श्रम आयुक्त आरके पाठक, सहायक श्रम आयुक्त वाराणसी देवव्रत यादव, वाराणसी क्षेत्र के श्रम प्रवर्तन अधिकारी पंकज सिंह, संदीप सिंह, सुनील कुमार द्विवेदी, कुंवर विजय पांडेय आदि एवं जिले के श्रम विभाग के अधिकारी मान सिंह, सुश्री रीना, श्रीमती जूही मिश्रा एवं नेहा यादव द्वारा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के अंत में मधुर सिंह, मंडलीय अपर श्रम आयुक्त द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव सिंह द्वारा किया गया।

# शादी के लिए परिजनों के राजी न होने पर प्रेमी युगल ने खाया विषाक्त पदार्थ : हालत गंभीर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चंदवक थाना क्षेत्र के चिटकों गांव स्थित महाबीर मंदिर परिसर में शादी के लिए परिजनों के राजी न होने पर किशोर प्रेमी युगल ने गुरुवार रात विषाक्त पदार्थ खा लिया। गंभीरावस्था में वहीं दोनों पड़े रहे। भोर में दौड़ लगाने वाले युवकों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने किशोरी को जिला अस्पताल तो किशोर को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया जहां दोनों का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार मारिकपुर गांव निवासी साहब लाल गौड़ की पुत्री जानकी उर्फ माधुरी (16) का पड़ोसी के रिस्तेदारी के किशोर मेहनगर आजमगढ़ थानाक्षेत्र के शिवरामपुर गांव निवासी छेदी के पुत्र नीरज कुमार सैनी(17)संग आते जाते आँखे चार हो गई। दोनों में काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चलता रहा। प्यार परवाना चढ़ता गया। दोनों छुप छुप कर मिलते रहे। धीरे धीरे इस बात की जानकारी परिजनों को हुई। परिजनों ने डाट डपट के साथ ही बन्दिशें लगानी शुरू कर दी। दोनों शादी करना चाहते थे लेकिन परिजन राजी नहीं हुए बावजूद मिलना जारी रहा। गुरुवार रात किशोरी बिना बताएं घर से निकल गईं और किशोर भी अपने घर से आ गया। दोनों चिटकों गांव स्थित महाबीर मंदिर परिसर में रुके। रात में क्या बात हुई कि दोनों ने साथ मरने का निर्णय ले लिया और विषाक्त पदार्थ खा ली। गंभीरावस्था में दोनों वहीं पड़े रहे। भोर में दौड़ लगाने वाले युवकों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी ले गईं जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख किशोर को ट्रॉमा सेंटर तो किशोरी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां किशोरी की हालत स्थिर तो किशोर की हालत गंभीर बनी हुई है।

## पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने कोतवाली व पवारा थाने का किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र सिंह ने गुरुवार देर साँय कोतवाली व पवारा थाने में पहुंचकर निरीक्षण किया। सब कुछ ठीक पाने के बाद विधानसभा के चुनाव को देखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया और लंबित विवेचना जल्द निस्तारित करने को कहा। कोतवाली पहुंचते ही सबसे पहले परिसर ,मेस, हवालात व अन्य स्थानों की सफाई व्यवस्था देखी। उसके बाद मालखाने में रखे शस्त्रो का बारीकी से अवलोकन किया। अवलोकन के बाद उन्होंने उपनिरीक्षको से रायफल ट्रायल भी करवाया। उन्होंने कोतवाली में तैनात दारोगा महिला कांस्टेबल व हम राही पुलिस कर्मियों से गन का ट्रायल करवाया। जिसे सभी ने किया। फिर कोतवाली में बनरहे भवनों के नवनिर्माण की जानकारी ली। उसके बाद विधानसभा चुनाव में भीड़ को काबू में करने के तरीके की सभी पुलिस कर्मियों को जानकारी दी। इसके बाद वह कार्यालय में रखे दस्तावेजों के रख–रखाव को देखा। प्रभारी निरीक्षक से लंबित विवेचनाओं की जानकारी ली तथा लंबित विवेचनाओं को जल्द निस्तारित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने कोतवाली में बनाई गई महिलाहेल्प डेस्क की स्थिति देखी। उन्होंने महिला उत्पीड़न संबंधी मामलों को प्रथम वरीयता देने की नसीहत भी दी। उसके बाद मालखाने में रखे सीज सामानों के साथ मुकदमें की पैरवी की स्थिति ली। विधानसभा चुनाव व त्योहारों को देखते प्रभारी निरीक्षक अवनीश राय से समय समय पर क्षेत्र के लोगों के साथ मीटिंग करने व ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने का निर्देश भी दिया। इसके बाद वे पवारा थाने का भी निरीक्षण करने पहुचे जहाँ उक्त चीजो के बाबत हिदायत दी है।

# ओलमा कौंसिल के प्रदेश उपाध्यक्ष सहित कई पर केस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पटैला गांव में गुरुवार को भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने औलमा कौंसिल के प्रदेश उपाध्यक्ष सहित पांच नामजद के अलावा दर्जन भर लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपितो की तलाश कर रही है। गाँव निवासी रमेश मौर्या का आरोप है कि वह अपने आवास के सामने गुरूवार को ट्रैक्टर से मिट्टी गिरवा रहा था। तीसरी बार ट्रैक्टर मिट्टी उतार रहा था कि तभी वहां पहुंचे इसी गांव निवासी व ओलमा कौंसिल के प्रदेश उपाध्यक्ष शहाबुद्दीन, मोहम्मद अकरम, मिथुन, शकील और सिंपी के अलावा दर्जन भर अज्ञात लोग मिट्टी गिराने से मना करने लगे। आरोप है कि वे देशी तमंचा लहराते हुए धमकी देने लगे। रमेश का आरोप है कि वह डर कर दूर भाग गया। उक्त लोग उसके घर में घुसकर उसकी प्रेमलता को पीटकर घायल कर दिए। उधर इस संबंध में शहाबुद्दीन का कहना है कि मारपीट और तमंचे का आरोप निराधार है। विवादित भूमि में मिट्टी गिराने से मना करने पर ऐसा षड़यंत्र किया जा रहा है।

# छेड़खानी व बलात्कार के मुकदमें से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को थाना शाहगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा वांछित / वारंटी अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के दिशा निर्देशन में थाना शाहगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 005/2022 धारा 354/354घ/376 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त जियालाल चौहान पुत्र विश्वनाथ चौहान निवासी कोरवलिया भादी थाना शाहगंज जौनपुर को मुखबीर खास की प्राप्त सूचना पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त – जियालाल चौहान पुत्र विश्वनाथ चौहान



निवासी कोरवलिया भादी थाना शाहगंज जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीमः– 1. व0उ0नि0 श्री जयप्रकाश यादव थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 2. हे0का0 राजकुमार यादव थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 3. का0 विकेश चौहान थाना शाहगंज जनपद जौनपुर।

## अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त को थाना कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 07.01.2022 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना पर मुकेश कुमार सिंह पुत्र हेमन्त कुमार सिंह निवासी रुपचन्द्रपुर थाना बदलापुर जौनपुर को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–12/2022 धारा– 60 आबकारी अधिनियम



पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. मुकेश कुमार सिंह पुत्र हेमन्त कुमार सिंह निवासी रुपचन्द्रपुर थाना बदलापुर जौनपुर। गिरफ्तारी टीम– 1– उ0 नि0 आफताब आलम थाना कोतवाली, जौनपुर। 2. का0 अरुण कुमार यादव थाना कोतवाली, जौनपुर।

## बाल गोविंद पांडेय क्षेत्र के गौरव थे –रमेश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर पंचायत के वार्ड नंबर 8 रेलवे माल गोदाम के सामने से लेकर डॉक्टर बंगाली के गली तक कॉलोनी का नाम अब लोकतंत्र सेनानी व शिक्षक स्वर्गीय बाल गोविंद पांडे के नाम से जाना जाएगा। विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने गुरुवार को देर रात स्वर्गीय पांडे की स्मृति में नवनिर्मित इंटरलॉकिंग मार्ग का लोकार्पण लोकतंत्र सेनानी पंडित बाल गोविन्द पाण्डेय की स्मृति में किया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पंडित जी जीवन पर्यंत हिंदू संगठन को मजबूत करते रहे। उन्होंने जगह जगह शाखा लगवाते हुए लोगों को राष्ट्रीय सोच रखने का संदेश देने का काम किया था। वह क्षेत्र के गौरव थे स्थानीय लोगों को उनके जीवन के बारे में समझना चाहिए ! और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए! विधायक मिश्र ने कहा कि यह लोगों के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि उनकी कॉलोनी का नामकरण लोकतंत्र सेनानी, राष्ट्र के सजग प्रहरी शिक्षक पंडित बाल गोविंद पांडे के नाम से किया जा रहा है। लोकार्पण समारोह का संचालन शिक्षक केशव सिंह ने किया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अनिल सिंह , राजदेव सिंह, अनिल सिंह शक्ति ,विनोद तिवारी, विधायक प्रतिनिधि गंगा प्रसाद सिंह , साहब लाल चौधरी ,पंकज सिंह पवन उपाध्याय आदि लोग मौजूद थे। उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए लोकतंत्र सेनानी के प्रपौत्र योगेश पांण्डेय ने कहा कि वर्ष 2001 में 13 जून को पितामह की मौत के बाद आज पहली बार विधायक रमेश चन्द्र मिश्र ने उनकी सुधि लिया है।

# मारपीट के मुकदमे में फरार चल रहे दो वारंटी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस ने मारपीट के मुकदमे में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अनिल कुमार सिंह और प्रेमचंद निषाद निवासी ग्राम धनौवा थाना मछलीशहर पर मारपीट करने का मुकदमा दर्ज है। उक्त लोग न्यायालय द्वारा वारंट जारी होने के बाद भी हाजिर नही हुए तो गैरजमानती वारंट जारी हुआ। गुरुवार की साय उपनिरीक्षक अखिलेश यादव ने उक्त दोनों को उनके आवास से ही गिरफ्तार किया हैं।

## हवन भंडारे के साथ कथा का हुआ समापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सवंसा स्थित हनुमान मंदिर पर चल रहे वृन्दावन धाम से पधारे आचार्य श्री दिलीप कृष्ण भारद्वाज द्वारा श्री राम कथा के समापन के बाद मंदिर परिसर में हवन व विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। बारिश के बावजूद प्रसाद लेने वालों की भीड़ जुटी रही। कथा विश्राम के बाद यजमान यादवेंद्र प्रताप लवकुश सिंह ओमकार सिंह व सम्भ्रांत लोग आचार्य को अंग वस्त्रम भेंट कर विदाई किया। इस दौरान पुजारी श्याम शंकर उपाध्याय सूरज सिंह राहुल मिश्रा ओमप्रकाश सेठ सन्तोष मोदनवाल अम्बुज सिंह सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम है तकनीकी शिक्षा – विधायक रमेश चंद्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधायक रमेश चंद्र ने कहा कि राजकीय तकनीकी विद्यालय के अभाव के कारण छात्र छात्राओं को तकनीकी शिक्षा लेने के लिए जिला मुख्यालय जाना पड़ता था। क्षेत्र के लिए यह सबसे बड़ी उपलब्धि है। शिक्षा का क्षेत्र विस्तृत है। उसके स्तर को ऊंचा करके ही क्षेत्र समाज तथा राष्ट्र का स्तर ऊंचा किया जा सकता है। वह गुरुवार की देर शाम क्षेत्र के कड़ेरेपुर गांव पंचायत में 10 करोड़ 93 लाख रुपए की लागत से निर्मित राजकीय आईटीआई भवन के लोकार्पण समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह जिले का दूसरा राजकीय आईटीआई कॉलेज है। लोगों की मांग के अनुरूप मेरा प्रयास रंग लाया। राजकीय आईटीआई कॉलेज की स्वीकृति के लिए उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं डिप्टी मिनिस्टर केशव प्रसाद मौर्य के प्रति आभार व्यक्त किया। विधायक मिश्र ने कहा कि अब यहां के छात्र छात्राओं को स्थानीय स्तर पर तकनीकी शिक्षा मिलेगी! जिससे उनका धन और समय दोनों की बचत होगी। आईटीआई कॉलेज के निर्माण से बदलापुर विधानसभा के छात्र छात्राओं को ही नहीं बल्कि अगल–बगल की विधानसभा के बच्चों को भी उसका पूरा लाभ मिलेगा। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि अगले सत्र से यहां पठन–पाठन कार्य भी प्रारंभ कर दिया जाएगा। मौके पर वीरेंद्र प्रताप सिंह, राम प्रताप सिंह ,आशुतोष सिंह ,केशव सिंह ,विधायक प्रतिनिधि गंगा प्रसाद सिंह, योगेश पांडे ,अनिल कुमार सिंह शक्ति, राजदेव सिंह ,नरेंद्र सिंह साहब लाल चौधरी आदि लोग मौजूद थे।

# माइनर हुआ ओवर फ्लो दो दर्जन किसानों की फसल हुई जलमग्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर धर्मापुर बिकास खण्ड के बंजारेपुर के कर्मदास पुर से होकर तारा जाने वाला माइनर ओवर फ्लो हो जाने से लगभग दो दर्जन से अधिक किसानों की फसल पूरी तरह से जलमग्न हो गई है किसानों की माने तो माइनर की सफाई कागजो में हर साल होती जो महज खाना पूर्ति ही साबित होती है जिसकी वजह से माइनर अक्सर हर साल ओवरफ्लो हो जाता है जिससे किसानों की फसल चौपट हो जाती है इस बार गांव के रहने वाले जयप्रकाश दुबे अभय लाल शर्मा कमलेश राजभर त्रिभुवन विश्वकर्मा देवेन्द्र दुबे रामआसरे राजभर महेंद्र राजभर पारस सिंह टोनी सिंह प्रकाश प्रजापति बिनोद राजभर प्रमोद राजभर समेत लगभग दो दर्जन किसानों की फसल गेंहू सरसो आलू धनिया बरसीम पूरी तरह से जलमग्न है जो नष्ट होने की कगार पर है।

# विद्यालय गयी छात्रा लापता : परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : घर से 3 जनवरी को विद्यालय पढ़ने गई छात्रा लापता हो गई हैं। मामले में परिजनों ने कोतवाली में तहरीर दिया तो पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मगर कोतवाली पुलिस को तीन दिन बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। उधर परिजन किसी अनहोनी की आशंका से परेशान हैं। निकामुद्दीनपुर गांव निवासी 14 वर्षीय अंशी पटेल (14)पुत्री स्व. राजबली पटेल शांति मेमोरियल पब्लिक स्कूल मोहल्ला फूलखां में कक्षा 9 की छात्रा है। छात्रा तीन जनवरी को सुबह 9 बजे भाई विपिन पटेल के साथ विद्यालय आयी। भाई उसे गेट पर छोड़कर घर चला गया। लेकिन जब छुट्टी हुई तो शाम तक छात्रा घर नहीं पहुंची। घर वाले उसके घर नहीं पहुंचने की सूचना भाई को दिये। भाई ने विद्यालय में जाकर जब पता किया तो विद्यालय प्रशासन ने बताया कि छात्रा विद्यालय आई ही नहीं थी। तब परिजनों ने रिस्तेदारों के यहां पता किया लेकिन कहीं पर कुछ पता नहीं चला । छात्रा के भाई विपिन पटेल ने थाने पहुंचकर तहरीर दिया है। कोतवाली पुलिस गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है। तीन दिन बीतने के बाद भी छात्रा बरामद नहींहुई। परिजन किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अवनीश राय का कहना है कि गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। छात्रा को बरामद करने के लिए सुरागकशी जारी है।

# जिलाधिकारी के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विस्तार से सीएचसी में ऑक्सीजन प्लांट की उपलब्धता एवं उनके क्रियाशीलता के संबंध में जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मी सिंह से प्राप्त की और कहा कि कोविड–19 की तीसरी लहर को देखते हुए सभी प्रकार की तैयारी पूर्ण कर ली जाए। सी.एच.सी. में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बनी रहे। उन्होंने कहा कि 15 से 18 वर्ष के युवाओं को शत–प्रतिशत टीकाकरण कराए जाने हेतु कार्य योजना बनाकर कार्य करें और लक्ष्य प्राप्त करें। मुख्य विकास अधिकारी ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रही योजनाओं के संदर्भ में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि दिए गए समय में ही कार्य पूर्ण कराया जाए। गो–आश्रय स्थलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी निराश्रित पशुओं का आकलन कर लें, जो भी गो–आश्रय स्थल बन रहे हैं उनकी नियमित मॉनिटरिंग करे और गोवंशो के टीकाकरण के लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करें। सिंचाई विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि नहरों में पानी टेल तक पहुंचाया जाए, जिससे अधिक से अधिक किसानों को लाभ पहुंचाया जा सके। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि विद्युत विभाग का बकाया भुगतान शीघ्र करा लिया जाए। कृषि से संबंधित जो भी कार्य होने हैं उन्हें चिन्हित कर ले और समय से पूर्ण करे। फसल बीमा में जितने भी दावे आए हैं उनका निस्तारण समय से कर दिया जाए। सामुदायिक शौचालय की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि जितने भी कार्य चल रहे हैं उनकी नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं (शहरी) की गुणवत्ता की जांच करते हुए जरूरतमंद लाभार्थियों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा अधूरे निर्माण कार्यों की प्रगति, 102 नेशनल एंबुलेंस सेवा की स्थिति, ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्य की प्रगति, हैंडपंपों का रिबोर सहित अन्य विभागों के कार्यों विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की मंशा के अनुसार समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सभी विभागों के अधिकारीगण और कार्यदाई संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

## हरिओम शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज किरतापुर में चल रहे टीकाकरण कार्य का औचक निरीक्षण किया गया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा हरिओम शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज किरतापुर में चल रहे 15 से 18 वर्ष के बच्चों के कोविड टीकाकरण कार्य का औचक



निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि जो बच्चे अवशेष है, उनको भी बुलाकर कोविड–19 का टीका लगवाया जाए। उन्होंने सभी छात्रों से अपील की कि अपने सहपाठियों को भी बताएं कि टीका लगाने से कोई नुकसान नहीं हुआ है। जिलाधिकारी द्वारा बच्चो को बताया गया वे स्वयं टीके के दोनों डोज लगवा चुके हैं। प्रधानाचार्य रामभुवन यादव से कहा कि आवश्यकता पड़ने पर स्कूल की गाड़ी भेजकर बच्चों को ले आये और कोविड–19 का टीका शत–प्रतिशत बच्चों को लग जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर हिमांशु नागपाल, डॉ जितेंद्र वर्मा, डॉ एस के दिवाकर, एएनएम प्रतिभा राय, जीएनएम दिव्या राय, विभा मौर्या सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जनता के हित के लिए अच्छा जनप्रतिनिधि चुनेंः जमाल साजिद चांद

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तत्वावधान में नगर पालिका परिषद पिहानी के सभागार में आयोजित पत्रकार सम्मेलन एवं विचार गोष्ठी में चेयरमैन जमाल साजिद चांद ने कहा कि जनता के हित के लिए अच्छा जनप्रतिनिधि चुनें। पत्रकारों को संबोधित करते हुए चांद ने कहा कि पत्रकार एक हजार लोगों के बराबर होता है। पत्रकारिता से समाज में जागरूकता फैलती है। समाज के लिए कुछ न कुछ करते रहें। शासन व आप जैसे जागरूक लोगों की वजह से मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। हर मतदाता को अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। पांच साल में एक बार ऐसा अवसर मिलता है। इसलिए मतदान प्रदेश के लिए अच्छा जनप्रतिनिधि चुनने के लिए अवश्य करें। मतदाता जागरूकता अभियान में पत्रकारों की भूमिका पर विचार प्रकट करते हुए लखनऊ मंडल अध्यक्ष अतुल कपूर ने कहा कि लोक कल्याण के लिए मतदाताओं का जागरूक होना जरूरी है। सकारात्मक पत्रकारिता से लोकतंत्र सशक्त होता है। मुख्य वक्ता योगेंद्र सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में जनता की जितनी अधिक भागीदारी होगी ,उतना लोकतंत्र मजबूत बनेगा। आज सोशल मीडिया पर विभिन्न दल भ्रम पूर्ण स्थिति उत्पन्न कर रहे हैं। सही खबरों को सत्यापित करने का कार्य अखबार ही करते हैं। अम्बरीष कुमार सक्सेना ने बताया कि लोककल्याणकारी राज्य की स्थापना के लिए हर मतदाता अपने मत का प्रयोग करे। प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह ने कहा कि भारत के लोकतंत्र का पूरी दुनिया लोहा मानती है। लोकतंत्र में ही पारदर्शी व्यवस्था होती है। मत प्रयोग कर हम विकास शील व्यवस्था का सृजन कर सकते हैं। इसके अलावा हरदोई सदर अध्यक्ष अजय सिंह बबलू,विकास मिश्र,अम्मार जैदी ने भी विचार व्यक्त किए। इस सम्मेलन में पत्रकार अशरफ अली खां,अम्बरीष कुमार सक्सेना,राजन शुक्ला, मनीष तिवारी, रमाकांतमिश्र, पी के सूरी, श्याम सुंदर शर्मा,खालिद हुसैन सानू, जितेंद्र सिंह बॉबी,सचिन सिंह, योगेंद्र सिंह,सुधीर गंगवार, नंद किशोर,अजय सिंह,बाल्मिकी वर्मा,अमित अवस्थी,जितेंद्र,फूल सिंह,विकास मिश्र आदि को सकारात्मक एवं जनसमस्याओं को रेखांकित करते हुए उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए प्रशस्ति पत्र देकर नगर पालिका परिषद पिहानी के चेयरमैन जमाल साजिद चांद के कर कमलों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन मंडल अध्यक्ष अतुल कपूर ने किया। कार्यक्रम आयोजक नवनीत कुमार राम जी, ई ओ अहिबरन लाल, रजनीकांत त्रिपाठी,संजय सिंह का विशेष योगदान रहा।

## गंगा एक्सप्रेस –वे से यूपी में औद्योगिक विकास को मिलेगा बढ़ावा

जौनपुर सू.वि. : सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार ,वाराणसी के क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो द्वारा आरडीएस कॉलेज, भाऊपुर, त्रिलोचन महादेव, जौनपुर में समेकित जनसम्पर्क कार्यक्रम के तहत केन्द्र सरकार की उड़ान योजना, पीएम गति शक्ति और उत्तर प्रदेश में बने पूर्वांचल एक्सप्रेस –वे और निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस –वे विषय पर गोष्ठी, परिचर्चा, और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ,प्रश्नो के सही जबाब देने वाले तीस विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के बारे में चर्चा करते हुये क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी डॉ. लालजी ने कहा कि सरकार किसानों की आय दुगनी करने और कृषि को बढ़वा देने के लिये निरन्तर प्रयास कर रही है । कृषि उत्पादन खास कर सब्जियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक कम समय मे पहुचाने के लिए कृषि उड़ान योजना शुरू की है । हवाई मार्ग से कृषि उपज की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिये शुरू इस योजना से हवाई परिवरिवहन एकीकरण एवं अनुकूलन के माध्यम से उत्पादों का उचित मूल्य प्राप्त करने तथा विभिन्न व गतिशील परिस्थितियों में कृषि–मूल्य श्रृंखला में स्थिरता व लचीलापन लाने में मदद मिलेगी और किसानों को उनके उत्पादों का उचित दाम भी मिल सकेगा । अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय मार्गों पर शुरू हुई कृषि उड़ान योजना में पहाड़ी क्षेत्रों, पूर्वोत्तर राज्यों और आदिवासी क्षेत्रों में खराब होने वाले खाद्य उत्पादों के परिवहन पर ध्यान केंद्रित करेगा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ,भारत सरकार शुरू की गई इस योजना में कृषि उत्पादों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने और उसे प्रोत्साहित करने के लिए लैंडिंग, पार्किंग, टर्मिनल नेविगेशन और मार्ग ने विगेशन सुविधा शुल्क में पूर्ण छूट प्रदान की गई है । यह योजना कृषि क्षेत्र के विकास के लिये नए रास्ते खोलेगी और आपूर्ति श्रृंखला ,रसद एवं कृषि उपज के परिवहन में बाधाओं को दूर कर किसानों की आय को दोगुना करने के लक्ष्य को प्राप्त करने और देश में कृषि खाद्य अपशिष्ट की बर्बादी की समस्या को हल करने में मदद करेगी । अपने लिखित सन्देश में पूर्व ब्लॉक प्रमुख एंव समाजिक कार्यकर्ता श्री सन्दीप सिंह ने कहा कि कोविड से बचाव के लिए सावधानी अपनाएं मास्क अवश्य पहने दो गज की दूरी का पालन करें । उन्होंने अपने सन्देश में में कहा कि प्रधानमंत्री गति शक्ति से परियोजनायें समय से पूरा होंगी । कृषि उडान योजना से कृषि उत्पादन समय से एक स्थान से दूसरे स्थान कम समय से पहुँच सकेगा जिससे उपभोक्ताओं को भी गुडवत्ता युक्त खादय सामग्री सुलभ हो सकेगी । सत्य प्रकाश मौर्या ने कहा कि हवाई यात्रा को किफायती और व्यापक बनाने के लिए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय, ने उड़े देश का आम नागरिक , के उदघोष वाक्य को सार्थक करने के लिए एक क्षेत्रीय हवाई अड्डा विकास कार्यक्रम है और कम सेवा वाले हवाई मार्गों के उन्नयन के लिए क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना शुरू की है। इसका लक्ष्य भारत के सभी क्षेत्रों और राज्यों के समावेशी राष्ट्रीय आर्थिक विकास , नौकरी में वृद्धि और हवाई परिवहन बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के लिए हवाई यात्रा को किफायती और व्यापक बनाना है । गंगा एक्सप्रेसवे सामाजिक आर्थिक विकास का माध्यम बनेगा आरडीएस कालेज के प्राचार्य अवधेश राय ने कहा मेरठ– से प्रयागराज तक गंगा एक्सप्रेस–वे परियोजना के निर्माण से उत्तर प्रदेश में सामाजिक एवं आर्थिक विकास के साथ ही कृषि, वाणिज्य, पर्यटन तथा उद्योग सम्बन्धी गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा. । यह एक्सप्रेस–वे कई उत्पादन इकाइयों, विकास केन्द्रों और कृषि उत्पादन क्षेत्रों को राजधानी से जोड़ने के लिए एक औद्योगिक कॉरिडोर के रूप में मददगार साबित होगा. हैंडलूम उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों, कोल्ड स्टोरेज, भंडारण गृह, मंडी तथा दुग्ध आधारित उद्योगों आदि की स्थापना के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में सहायक होगा । मेरठ से प्रयागराज तक का गंगा एक्सप्रेस वे हापुड़,बुलंदशहर ,अमरोहा, संभल ,बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई , उन्नाव , रायबरेली, और प्रतापगढ़ और आसपास के जनपदों में सामाजिक– आर्थिक प्रगति का माध्यम बनेगा । गोष्ठी को अजय सिंह अयोध्या राजभर , सुकन्या यादव सुभाषिनी निषाद कौशल यादव शतीश सरोज ,रेखा सिंह, सुप्रिया गुप्ता ने सम्बोधित किया । आरओबी से पंजीकृत सोनम सरोज एवं पार्टी ने राष्ट्रीय एकता, महिला शसक्तीकरण पर गीत प्रस्तुत किया।

# केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के आगमन पर नीरज कनौजिया द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 84 कोसी परिक्रमा पथ की 5 परियोजनाओं व 67 किलोमीटर रिंग रोड के 8700 करोड़ की योजना का शिलान्यास किया। अयोध्या से अकबरपुर,अयोध्या से सुल्तानपुर फोर लेन सड़क को दी मंजूरी। सहादतगंज अयोध्या धाम सरयू पुल 19 किलोमीटर के हाईवे पर लाइटिंग फुटपाथ साइकिल पथ व ड्रेनेज बनाने की स्वीकृति की।नितिन गडगरी ने कहा ये भगवान राम की नगरी है इसको सुंदर से सुंदर बनाने के लिए सब कुछ करेंगे। सांसद लल्लू सिंह ने जो मांगा सो दिया और भी जो मांगेंगे देंगे। राजनीतिक भाषण से दूर रहे नितिन गडकरी। इस मौके पर डिप्टी सीएम केशव मौर्या भी रहे मौजूद। नितिन गडकरी का संबोधन सुनने के लिए आसपास के क्षेत्रों एवं कई जिलों से आए कई हजार लोगों के लिए मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी नीरज कनौजिया एवं उनके समर्थकों ने विशाल भंडारे का आयोजन किया ताकि दूर–दूर क्षेत्र से आए लोग भूखे प्यासे ना रहे इसके लिए नीरज कुमार कनौजिया और उनके समर्थकों ने भंडारे के कड़े इंतजाम व्यवस्था एकदम निःशुल्क किया। जो लोग संबोधन सुनकर अपने क्षेत्रों को वापस जा रहे थे उनके लिए भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई थी। नीरज कनौजिया ने बताया भाजपा की योगी सरकार ने जनता के लिए और यूपी के लिए बहुत अच्छे कार्य किए हैं जिससे जनता एक बार फिर



बीजेपी सरकार बनाने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान करेगी और इसके लिए हम अपना पूरा प्रयास करेंगे। योगी सरकार के शासनकाल में काफी विकास एवं जनता के हित के लिए आयुष्मान कार्ड ,श्रम योजना कार्ड फ्री कोविड–19 वैक्सीन और निःशुल्क राशन वितरण एवं करोना काल में जनता के लिए निःशुल्क राशन वितरण का कार्य जो योगी सरकार ने किया है वह बहुत ही सराहनीय है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का संबोधन सुनने के लिए मिल्कीपुर क्षेत्र से काफी जनता जीआईसी परिसर में पहुंची थी।

# अयोध्या राम मंदिर के लिए अलीगढ़ में तैयार हुआ 400 किलो का ताला : जानें क्या है खासियत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)इस ताले को अलीगढ़ के सत्य प्रकाश शर्मा और उनकी पत्नी रुकमणी शर्मा ने तैयार किया है।इस ताले के आकर्षण का केंद्र बनने का कारण उसका वजन और उसका साइज है, क्योंकि यह ताला 400 किलो का है। यह 10 फीट ऊंचा व 6 फीट चौड़ा है।वहीं, इस ताले को खोलने वाली चाबी भी 30 किलोग्राम वजनी है. इसके साथ ही 4 फीट लंबी है।ताले को तैयार करने वाले दंपति के मुताबकि, इस ताले को बनाने में एक लाख की लागत आई है।करीब 65 वर्षीय सत्य प्रकाश मजदूरी पर ताला तैयार करते हैं।उनका कहना है कि कारोबार क्षेत्र में तो काफी पहचान बना ली है, अब इस कारोबार को नई पीढ़ी उड़ान दे. अलीगढ़ की पहचान बनाने के लिए दुनिया का सबसे बड़ा ताला बनाकर तैयार कर दिया है।उन्होंने बताया कि छह इंच मोटाई का यह ताला लोहे का है।जिसमें चार फीट का ताले का कड़ा है. वहीं, इसके लिए दो चाबी तैयार की गई है।सत्य प्रकाश ने बताया जी मीडिया से बातचीत में बताया कि उनके इस कला व हुनर की सभी ने तारीफ की, लेकिन इस कला को निखारने के लिए सरकारी स्तर पर प्रयास की जरूरत है।वही सत्य प्रकाश की पत्नी रुकमणी शर्मा ने भी ताले की खूबियां बताईं, उन्होंने कहा कि यह ताला आसानी से नहीं टूटेगा।श्रीराम मंदिर अद्भुत बन रहा है।ऐसे में वहां की हर चीज अद्भुत होनी चाहिए इसलिए अलीगढ़ का यह ताला मंदिर के लिए



भेंट किया जाएगा. उन्होंने यह भी बताया कि अयोध्या भेजने से पहले इस ताले में कई बदलाव किए जाएंगे. आयरन का हुड़का, बॉक्स, लीवर को पीतल से तैयार किया जाएगा. इसके अलावा ताले की बॉडी पर स्टील की स्क्रैप शीट लगाई जाएगी. वहीं, सत्य प्रकाश का कहना है कि पीएम मोदी और सीएम योगी को पत्राचार करके 26 जनवरी की परेड में ताले को शामिल करने की गुहार लगाई है। ताला बनाने के हुनर के माहिर ज्वालापुरी गली नंबर 1 के सत्य प्रकाश शर्मा पहले भी कई बड़े ताले बना चुके हैं. इनका 300 किलो का ताला खूब चर्चा में रहा था. इस रिकॉर्ड को उन्होंने अब 400 किलो का ताला बनाकर तोड़ा है. वे 40 साल से ताला निर्माण से जुड़े हुए हैं. उन्हें अपने पिता भोजराज शर्मा से ताला निर्माण की कला विरासत में मिली. इनकी पीढ़ी करीब 100 साल से इस कारोबार से जुड़ी हुई है।

# पचास विख्यात फिल्म निर्माता निदेशक अभिनेता व गायकों को अयोध्या महोत्सव ने किया सम्मानित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अवध की संस्कृति, परम्पराओं व जीवन शैली को फिल्मों के माध्यम से वैश्विक स्तर पर प्रसारित करने 50 विख्यात निर्माता, निदेशक, अभिनेताओं, अभिनेत्रियों, गायकों को अयोध्या महोत्सव में सम्मानित किया गया।महोत्सव में अवध सिने अवार्ड का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि संजय पाण्डेय रहे। सिने अवार्ड फिल्मी सितारों को देखने के लिए लोगां की भारी भीड़ उमड़ी। अयोध्या आयडल गैंड फिनाले व समापन समारोह के साथ अयोध्या युवा कुम्भ भी महोत्सव में आयोजित हुआ। जिसके मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला व विशिष्ट अतिथि अंकित शुक्ला व प्रेक्षा त्रिपाठी रही।अयोध्या महोत्सव न्याय के अध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव ने बताया कि सम्मानित होने वाले फिल्मी कलाकारों में संजय पाण्डेय अभिनेता, राजेश मौर्य अभिनेता, आकांक्षा सिंह अभिनेत्री, ओम प्रकाश सिंह, मुन्ना सहारा, आशीष अग्रवाल, मयंक दूबे, अरविंद अग्रवाल, देश दीपक मिश्रा, जर्नादन पाण्डेय बब्लू, मोहित राज, आशीष यादव, सीपी भट्ट, इन्द्रेश त्रिपाठी, रतन कालिया, मो फैज सद्दान निर्माता/अभिनेता, शशिनाथ दूबे निर्माता, मुकेश सिंह दादा संगीत निदेशक, सत्येन्द्र सिंह डायरेक्टर, चिंटू सागर गायक अभिनेता, जसवंत कुमार निर्माता/अभिनेता, संतोष श्रीवास्तव डायरेक्टर/अभिनेता, धर्मेन्द्र वर्मा निर्माता, सुल्तान अंसारी निर्माता, ब्रजमोहन तिवारी गायक, अतुल श्रीवास्तव, अवधेश वर्मा सहित 50 कलाकारों शामिल हैं। उन्होने बताया कि अयोध्या आयडल व गैंड फिलाने समारोह में प्रयागराज से नागेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, कविता श्रीवास्तव, प्रतिभा पांडे, शाहजहांपुर से मनीषा दीक्षित, सोनभद्र से रिचा निषाद, गोंडा से सुनील कुमार आनंद, किस्मत अली, पवन कुमार, अंबेडकर नगर से अंजू यादव, अयोध्या से आशा गुप्ता, वीरेंद्र कुमार, प्रीति तिवारी, खुशबू जायसवाल, कंचन लता, राम सुंदर प्रजापति, डॉ अमरीश श्रीवास्तव, पीयूष श्रीवास्तव, राम अशीष, अनुज श्रीवास्तव, प्रीति विश्वकर्मा, कामिनी शर्मा, कंचन मौर्य, बस्ती से प्रवीण




कुमार, कोलकाता से धीमान भट्टाचार्य, राजस्थान से सुबोध रंजन शर्मा उत्तराखंड से डॉ अर्चना चौहान, मुरादाबाद से डॉ प्रेमलता कश्यप, कर्नाटक से डॉ छाया कुमारी उड़ीसा से कृति कृष्णा पांडा दिल्ली से डॉ दिव्या शर्मा महाराष्ट्र से रीत अर्पित खंडेलवाल, युवराज नवघरे, मध्य प्रदेश से नूर शाह आलम राजस्थान से आयन हालदार आदि सहित 60 चित्रकारों को अमृत कला रंग सम्मान व स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान कर सम्मानित किया गया।युवा कुम्भ को सम्बोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने कहा कि भारत में कदम कदम पर विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाएं मौजूद है। उन्हें अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए मंच की आवश्यकता है। जिसमें महत्वपूर्ण भूमिका अयोध्या महोत्सव जैसे आयोजन निभा रहे है। युवा इस तरह के आयोजन से खुद को जोड़कर अपने भीतर उत्साह का संचार महसूस करते है।इस अवसर पर प्रबन्धक इं रवि तिवारी, महासचिव आकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अरुण द्विवेदी, बाबा विश्वनाथ पीजी कॉलेज के प्रबंधक दिग्विजय सिंह ''बुक्कू'', उपाध्यक्ष रेणुका रंजन श्रीवास्तव, चन्द्रशेखर तिवारी, कोषाध्यक्ष विजय यादव, मुख्य कार्यक्रम प्रभारी अनुजेन्द्र तिवारी, कार्यक्रम प्रभारी एसबी सागर, बृजमोहन तिवारी, मोहित मिश्रा, श्रृष्टि सिंह, श्रद्धा तिवारी, श्रुति श्रीवास्तव, एवं सदस्यों में डा निखिल उपाध्याय, ऋचा उपाध्याय, पूजा अरोड़ा, जयांश श्रीवास्तव, गौरव सिंह, उज्जवल चौहान, सौरभ मिश्रा, प्रवीण सिंह, प्रशान्त गौड़, निकिता चौहान उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र में सर्वोच्च पदों की सुरक्षा के सुरक्षा की संवैधानिक व्यवस्था और प्रधानमंत्री की सुरक्षा में लापरवाही

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) लोकतांत्रिक व्यवस्था में देश के सभी सर्वोच्च पदों को राष्ट्र की धरोहर मानकर उनकी सुरक्षा एवं मान सम्मान सुनिश्चित करने का दायित्व कार्यपालिका को सौंपा गया है और विरोध करने का भी अधिकार नागरिकों को दिया गया है। जब देश के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री चलता है तो उसके साथ संवैधानिक प्रोटोकॉल चलता है।जब देश के सम्माननीय गुजरते हैं तो उन्हें राष्ट्र का मुखिया मानकर बिना राजनैतिक भेदभाव के सुरक्षा एवं मान सम्मान प्रदान किया जाता है।इन्हें राष्ट्रीय प्रतीक मानकर ही इन्हें देश की सर्वोच्च सुरक्षा एजेंसियां उपलब्ध कराई जाती हैं और सुरक्षा चक्र प्रदान किया जाता है।देश के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के साथ उनका काफिला चलता है और उनके दौरे के दोहरे तिहरे प्लान तैयार किये जाते हैं ताकि कोई बाधा उत्पन्न न हो सके।लोकतंत्र में राजनीति के दायरे हैं जिसके अंदर रहकर वोट का खेल खेलने की छूट राज नेताओं को दी गई है।वोट के लिए राष्ट्रीय पद वाले सम्मानीय के रास्ते में अवरोध उत्पन्न करना कतई उचित एवं लोकतांत्रिक नहीं कहा जा सकता है।सभी जानते हैं कि किसानों के नाम पर पिछले साल से शुरू सालों चले किसान आंदोलन में पंजाब की महती भूमिका थी शायद इसीलिए राजनैतिक लाभ के दृष्टिगत कांग्रेस की सरकार ने किसानों को मनमानी करने से रोका नहीं बल्कि उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराकर बढ़ावा एवं संरक्षण दिया था क्योंकि पंजाब सरकार किसानों के आंदोलन का एलानिया समर्थन कर राजनैतिक रोटियां सेंकना चाहती है।किसानों के नाम पर एक बार कलंक तब लगा था जबकि पिछले साल राष्ट्रीय पर्व पर राष्ट्रीय धरोहर को लज्जित किया गया था दूबारा कल पंजाब में हुआ जबकि किसानों के नाम पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आकस्मिक जमीनी दौरे से एक कार्यक्रम में जा रहे थे।संवैधानिक दायित्व के नाते पंजाब सरकार का कर्तव्य था कि वह देश आला की यात्रा को निस्कंटक बनाकर सकुशल अपने राज्य से वापस भेजती।किसानों की प्रमुख समस्याओं निदान हो गया है और कुछ समस्याओं के समाधान के लिए कमेटी ही नहीं बल्कि विज्ञान भवन में सीधे वार्ता भी होने जा रही है।इसके बावजूद किसान आंदोलन के नाम पर प्रधानमंत्री के रास्ते को अवरुद्ध करना संवैधानिक अधिकारों का दुरपयोग करने जैसा है।भले ही कहा जा रहा हो कि तथाकथित किसान अचानक रास्ते में आकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया हो लेकिन सवाल तो यह है कि जब प्रधानमंत्री का सड़क मार्ग से जाने का फैसला अचानक मौसम को देखते हुये हेलीकॉप्टर की जगह कार से किया गया तो इस बदलाव की जानकारी तथाकथित किसानों को कैसे मिल गई और प्रधानमंत्री के गुजरने वाले चाकचौबंद सुरक्षा वाले रास्ते में कैसे आ गए? शायद ऐसा पहली बार हुआ है कि प्रधानमंत्री के गुजरने वाले मार्ग में बाधा उत्पन्न हुयी है वरना देश के हर राज्यों में सुरक्षा में राजनीति नहीं नहीं बल्कि संवैधानिक उत्तरदायित्वों का किया जाता है।हम किसानों का विरोध नहीं बल्कि उनका विरोध जरूर करते हैं जो किसानों का राजनैतिक इशारे पर इस्तेमाल कर अपनी राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति करते हैं।प्रधानमंत्री की सुरक्षा में हुयी चूक एवं उनकी टिप्पणी के बाद जबाब संवैधानिक नहीं बल्कि राजनैतिक आधार पर आने लगे हैं और मीडिया पर बहस छिड़ गई है।भाजपा जहाँ इसे गैर जिम्मेदाराना राजनैतिक महत्वाकांक्षा से परिपूर्ण साजिश मानती है तो सत्तारूढ़ कांग्रेस इसे बकवास और प्रदेश में प्रधानमंत्री के प्रति पैदा आक्रोश मान कर प्रस्तावित रैली की विफलता को छिपाने की साजिश करार देकर संवैधानिक जिम्मेदारियों से बचने की कोशिश कर रही है।सवाल यह है कि जब मार्ग बाधित था तो सुरक्षा प्रमुख डीजीपी ने कैसे कह दिया कि रूट ओके है? ऐसा तो नहीं राजनैतिक महत्वाकांक्षा के लिये कुछ लोगों को रास्ते में खड़ा कर दिया गया हो?

# राम नगरी में महर्षि ट्रस्ट को झटका : दलित भूमि हस्तांतरण का दस्तावेज अवैध घोषित

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर) यूपी के अयोध्या में महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट को बड़ा झटका लगा है. अयोध्या की राजस्व अदालत ने ट्रस्ट द्वारा 22 अगस्त 1996 को रु 10 के अनरजिस्टर्ड स्टांप पेपर पर दान के रूप में ली गई दलितों की 21 बीघा जमीन (वर्ग मीटर में कहा जाए तो 52,000 वर्ग मीटर जमीन) अवैध घोषित कर दी है. सरल शब्दों में कहें तो जिस तरह अनरजिस्टर्ड स्टांप पर जमीन ट्रस्ट के नाम दान के रूप में हस्तांतरित की गई थी, उस पूरी प्रक्रिया को अवैध माना गया है।आज तक ने इस मामले के खुलासे के समय ही इस पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे. हालांकि इस पूरे गोरखधंधे के लिए अयोध्या की ए आर ओ (सहायक रिकॉर्ड अधिकारी) की अदालत ने जमीन वापस लेने के अलावा महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्रवाई की संस्तुति नहीं की है. सहायक विकास अधिकारी भानसिंह का कहना है कि मुख्यमंत्री के आदेश पर गठित जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी है और उस रिपोर्ट के आधार पर आगे जो भी कार्रवाई होनी होगी, वह होगी। क्या है जमीन विवाद का मामला? महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट ने 1992 से 1996 के बीच बरहटा माझा गांव और आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर जमीन खरीदी. इन्हीं जमीनों में से 21 बीघा जमीन ऐसी थी, जिसे खरीदने के लिए नियमों और कानूनों को दरकिनार कर दिया गया. उत्तर प्रदेश भू राजस्व संहिता में उल्लेख किए गए कानूनों के तहत गैर दलित को दलित से जमीन खरीदने के लिए जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति लेनी होती है. लेकिन महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट ने इससे बचने के लिए दलितों की जमीन अपने साथ लाए भरोसे के दलित व्यक्ति रोघई के नाम से खरीद ली. इसके बाद 22 अगस्त, 1996 को इसी रोघई ने महर्षि रमण विद्यापीठ ट्रस्ट को पूरी 52,000 वर्ग मीटर जमीन रु 10 के स्टांप पेपर पर दान दे दी। इस तरह बिना रजिस्टर्ड दान अभिलेख के यह पूरी जमीन महर्षि ट्रस्ट के नाम दर्ज हो गई. ट्रस्ट को इससे दो फायदा हुआ. पहला जमीन की प्रकृति भी नहीं चेंज करानी पड़ी और ना ही राजस्व स्टांप की बड़ी रकम ही चुकानी पड़। लेकिन जिन दलितों की जमीन खरीदी गई, उसी में से एक महादेव ने राजस्व बोर्ड लखनऊ में इसकी शिकायत की। उनका आरोप था कि अवैध तरीके से उनकी जमीन महर्षि ट्रस्ट के नाम स्थानांतरित की गई. इसी शिकायत के बाद फैजाबाद की अतिरिक्त आयुक्त शिव पूजन और अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट गोरे लाल शुक्ला के निर्देशन में जांच कमेटी बनी। जिस पर बीते वर्ष 2021 में अयोध्या के तत्कालीन कमिश्नर और जिलाधिकारी अयोध्या ने संस्तुति दी और यह पूरा मामला सहायक रिकॉर्ड अधिकारी की अदालत में चलने लगा. इसी मामले की सुनवाई के बाद एआरओ की राजस्व अदालत ने अब दलितो से ली गई 21 बीघा जमीन के हस्तांतरण की प्रक्रिया और संबंधित सरकारी आदेश को अवैध घोषित कर दिया, अब क्या होगा इस अवैधा घोषित जमीन का?एक सवाल जो सभी के मन मे उठ रहा होगा वह यह है कि अब इस जमीन का होगा क्या? दरअसल अब 22 अगस्त, 1996 को महर्षि ट्रस्ट को स्थानांतरित 52,000 वर्गमीटर जमीन की प्रक्रिया अवैध घोषित किए जाने के बाद उक्त भूमि सभी तरह के आदेशों से मुक्त हो गई है. ऐसे में इसका मालिकाना हक भी शून्य हो गया है. लिहाजा सहायक रिकॉर्ड अधिकारी के आदेश के बाद यह पूरी भूमि सरकारी घोषित हो गई है। इसे ग्राम समाज की जमीन घोषित करने के लिए एआरओ ने पत्रावली एसडीएम प्रशांत कुमार को भेज दी है. एआरओ भान सिंह का कहना है कि एसडीएम के आदेश के बाद उक्त भूमि ग्रामसभा में निहित हो जाती है. इस मामले में उन्होंने तत्कालीन सर्वे नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार के खिलाफ कारवाई करने के संबंध में टिप्पणी की है. हालांकि आपको बता दे कि कृष्ण कुमार अब सेवा से रिटायर्ड हो चुके हैं।

# मुख्य सचिव व डीजीपी ने रामजन्भूमि परिसर की परखी सुरक्षा व्यवस्था दिये आवश्यक दिशा निर्देश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश दुर्गा शंकर मिश्र एंव पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश मुकुल गोयल ने अयोध्या भ्रमण कर राम जन्मभूमि परिसर के सुरक्षा की समीक्षा कर अधिकारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।इस मौके पर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश दुर्गा शंकर मिश्र एंव पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश मुकुल गोयल ने भ्रमण कार्यक्रम में राम जन्मभूमि परिसर के सुरक्षा की समीक्षा कर दर्शन एवं हनुमानगढ़ी का दर्शन तथा अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा किया।इस मौके पर मुख्य सचिव ने राम नगरी हनुमानगढ़ी, श्रीराम जन्मभूमि परिसर एवं अयोध्या का गहनता से भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया।इसमें मुख्य सचिव ने कहा कि अयोध्या को विश्व स्तर की सिटी बनाने के उद्देश्य से हमे सभी क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुये कार्य करना है, जिसमें मुख्य रूप से श्रद्वालुओं की सुरक्षा जांच से कोई परेशानी न हों तथा किसी भी प्रकार से हमारी सुरक्षा व्यवस्था में चूक न हों ऐसा हमें आदर्श व्यवस्था सुरक्षा के लिए लागू करना है।इसकी समीक्षा मुख्य सचिव एवं



पुलिस महानिदेशक द्वारा रामजन्मभूमि में स्थापित कन्ट्रोल रूम में किया गया।मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक ने यह भी कहा कि इसकी समय–समय पर सुरक्षा की समीक्षा होती रहती है एवं इसकी सुरक्षा की नियमित समीक्षा की जायेगी।इस समीक्षा बैठक में अयोध्या मण्डलायुक्त एम0पी0 अग्रवाल,अपर पुलिस महानिदेशक,लखनऊ जोन बृज भूषण, पुलिस महानिरीक्षक कवीन्द्र प्रताप सिंह जिलाधिकारी अयोध्या नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या, शैलेश कुमार पांडेय,नगर आयुक्त विशाल सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक श्री रामजन्मभूमि पंकज पांडेय सहित अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारीगण व अधिकारीगण मौजूद रहें।

# हिन्दू महासभा की हनुमान छतरी यात्रा चेन्नई से नैमिषारण्य पहुंची

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)अखिल भारत हिन्दू महासभा तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष रमेश बाबू के नेतृत्व में हिन्दू महासभा का 50 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल रामराज्य श्री हनुमान छतरी यात्रा चेन्नई लखनऊ एक्सप्रेस से 5 जनवरी को रात 8 बजे लखनऊ पहुंची और वहाँ से छतरी यात्रा बस द्वारा नैमिषारण्य पहुँची। 8 जनवरी को छतरी यात्रा बस से अयोध्या पहुंचेगी और 11 बजे हनुमानगढ़ी में समर्पित करते हुए रामराज्य की स्थापना का संकल्प लिया जाएगा । यह जानकारी आज जारी बयान में हिन्दू महासभा अयोध्या जनपद के अध्यक्ष अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने दी। जारी बयान के अनुसार हनुमान छतरी यात्रा में शामिल होने के लिए हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी त्रिदंडी जी महाराज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आत्माराम तिवारी , राष्ट्रीय संगठन मंत्री आचार्य विजय प्रकाश मानव , राष्ट्रीय प्रवक्ता करपात्री जी महाराज, राष्ट्रीय महामंत्री दिवाकर विक्रम सिंह , राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव , उत्तर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पंकज तिवारी और प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी सहित हिन्दू महासभा के अनेक बड़े नेता भी अयोध्या पहुंच रहे हैं। राकेश दत्त मिश्र ने बताया कि हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी त्रिदंडी जी महाराज 8 जनवरी को प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी के नेतृत्व में लखनऊ से अयोध्या तक निकाले जा रहे विशाल जुलूस के साथ अयोध्या पहुंचेंगे और हनुमान छतरी यात्रा का नेतृत्व करेंगे । राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी त्रिदण्डी जी महाराज अयोध्या पहुंचकर यात्रा में शामिल प्रतिनिधियों को संबोधित कर उन्हे रामराज्य स्थापना का संकल्प दिलवाएंगे ।जारी बयान के अनुसार रामराज्य श्री हनुमान छतरी यात्रा 8 जनवरी को प्रातः 11 बजे बिड़ला धर्मशाला से ढोल नगाड़ों के साथ आरंभ होगी और हनुमान गढ़ी के गद्दीनशींन महंत प्रेम दास महाराज जी को समर्पित की जाएगी,रामराज्य श्री हनुमान छतरी यात्रा संपन्न होने के बाद यात्रा में शामिल प्रतिनिधि श्रीराम जन्मभूमि पर राम लला के दर्शन करेंगे । हिन्दू महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष बबीता यादव ने कहा कि महिला सभा के कार्यकर्ताओं की टीम अयोध्या पहुंचने वाले नेताओं का अंगवस्त्र और पुष्पमाला से अभिनन्दन करेगी और हनुमान छतरी यात्रा में शामिल होगी।

## छः जनवरी से पंद्रह जनवरी तक बंटेगा राशन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद के समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को अवगत कराया जाता है माह जनवरी, 2022 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 के अन्तर्गत नियमित खाद्यान्न (गेहूँ/चावल) का वितरण प्रथम वितरण चक्र में 06 जनवरी 2022 से प्रारम्भ होकर 15 जनवरी 2022 तक सम्पन्न होगा। उक्त अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 कि0ग्रा0 खाद्यान्न (20 कि0ग्रा0 गेहूँ व 15 कि0ग्रा0 चावल) तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि0ग्रा0 खाद्यान्न (03 कि0ग्रा0 गेहूँ व 02 कि0ग्रा0 चावल) का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों में सुनिश्चित कराया जायेगा।इसके अतिरिक्त जनपद के प्रत्येक अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को खाद्यान्न के साथ–साथ 01 कि0ग्रा0 आयोडाइज्ड नमक, 01 कि0ग्रा0 साबुत चना तथा 01 ली0 रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। राशन कार्डधारकों को पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत पाँचो सामग्री एक साथ प्राप्त करने की सुविधा उचित दर विक्रेता के स्टॉक में उपरोक्त वस्तुओं की उपलब्धता की सीमा तक अनुमन्य रहेगा।माह जनवरी, 2022 में नियमित खाद्यान्न वितरण की अन्तिम तिथि माह की 15 तारीख निर्धारित है। जिन कार्डधारकों का ई–पॉस मशीन पर अँगूठा नहीं लगता है, वह माह की 15 तारीख को पहचान पत्र (आधार कार्ड) तथा मोबाइल के साथ सम्बन्धित कोटे की दुकान पर जाकर मोबाइल ओ0टी0पी0 के माध्यम से अपना खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं। कोटे पर कार्डधारकों की भीड़ न लगे, इसके लिये कोटेदार द्वारा उन्हें पहले से एक टोकन दिया जायेगा। कार्डधारक टोकन के अनुसार कोटे पर आकर बनाये गये गोले में खड़े होकर अपनी बारी पर गल्ला लेंगें। कार्डधारकों का भी दायित्व होगा कि वह कोरोना वायरस के दृष्टिगत सोशल डिस्टेंसिंग को बनाये रखने के लिये कम से 01–01 मीटर की दूरी पर खड़े होकर राशन प्राप्त करें। किसी भी दशा में दुकान पर भीड़ न लगे। कोरोना महामारी के संक्रमण के दृष्टिगत समस्त राशन कार्डधारकों से अपील की जाती है कि राशन लेते समय सोशल डिस्टेंसिंग का अनिवार्य रुप से पालन करें। कोटे की दुकान पर बनाये गये गोले में खड़े होकर अपनी बारी से ही राशन प्राप्त करें। सभी कार्डधारक अपना मुँह मास्क, गमछा, रुमाल व दुपट्टा आदि से ढक कर ही कोटे की दुकान पर आयें तथा साबुन–पानी, डिटाल व सेनेटाइजर आदि से हाथ धोने के उपरान्त ही ई–पॉस मशीन में अपना अँगूठा लगाकर खाद्यान्न प्राप्त करें। कोटेदार, सोशल डिस्टेंसिग का पालन कराने हेतु बनाये गये गोले में खड़े होने के लिये कार्डधारक से अनुरोध करते हुये सुचारु रुप से खाद्यान्न निर्गत करेंगें।

## नवागत मंडलायुक्त अयोध्या ने संभाला कार्यभार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शुक्रवार को नवागत मंडलायुक्त अयोध्या नवदीप रिणवा सर्किट हाउस पहुँचे।इस मौके पर वहाँ पर पहले से मौजूद अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर उनका स्वागत जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय के अलावा अपर आयुक्त प्रशासन, अपर आयुक्त न्यायिक, अपर जिलाधिकारी नगर, नगर मजिस्ट्रेट, मंदिर मजिस्ट्रेट, तहसीलदार सदर आदि अधिकारियों ने किया।वही अयोध्या सर्किट हाउस में मंडल आयुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।